दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, उदयपुर एवं जोधपुर
RNI NO.RAJHIN/2013/52026
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 13 | अंक : 86 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : ₹ 2.00
टोंक | शनिवार, 01 नवंबर, 2025 | कार्तिक दशमी तिथि संवत् - 2082
भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर प्रधानमंत्री ने गुजरात के नर्मदा जिले के एकता नगर में सरदार पटेल की 182 मीटर ऊंची प्रतिमा (स्टेच्यू ऑफ यूनिटी) पर पुष्पांजलि अर्पित की

# पटेल चाहते थे पूरा कश्मीर हमारा हो, पं. नेहरू ने देश को बांटा : पीएम मोदी

## बोले- जो काम अंग्रेज नहीं कर पाए, वह कांग्रेस ने कर दिया, कांग्रेस ने धार्मिक आधार पर वंदे मातरम् के एक हिस्से को हटा दिया

बढ़ता राजस्थान

**वडोदरा (एजेंसी)।** पीम मोदी शुक्रवार को सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के मौके पर गुजरात पहुंचे। उन्होंने नर्मदा जिले के एकता नगर में सरदार पटेल की 182 मीटर ऊंची प्रतिमा (स्टेच्यू ऑफ यूनिटी) पर पुष्पांजलि अर्पित की। एकता नगर में राष्ट्रीय एकता दिवस परेड का आयोजन हुआ। पीएम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा- सरदार पटेल पूरे कश्मीर को भारत में मिलाना चाहते थे, लेकिन तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने ऐसा नहीं होने दिया। कश्मीर को अलग संविधान से बांट दिया। कांग्रेस की गलती की आग में देश दशकों तक जलता रहा।

पीएम ने कहा- कांग्रेस को न केवल अपनी पार्टी और सत्ता, बल्कि गुलाम मानसिकता अंग्रेजों से विरासत में मिली है। जब अंग्रेजों ने 1905 में बंगाल का विभाजन किया, तो वंदे मातरम् राष्ट्र की एकता और एकजुटता की आवाज बना। अंग्रेजों ने वंदे मातरम् पर प्रतिबंध लगाने की कोशिश की, लेकिन कभी सफल नहीं हुए।

मोदी ने कहा- जो काम अंग्रेज नहीं कर पाए, वह कांग्रेस ने कर दिया। कांग्रेस ने धार्मिक आधार पर वंदे मातरम् के एक हिस्से को हटा दिया। इसका मतलब है कि कांग्रेस ने समाज को विभाजित किया और ब्रिटिश एजेंडे को आगे बढ़ाया।

पीएम ने संबोधन से पहले राष्ट्रीय एकता दिवस परेड की सलामी ली। परेड में शामिल सभी टुकड़ियों का नेतृत्व महिला अफसरों ने किया। परेड में बीएसएफ, सीआईएसएफ, आईटीबीपी, सीआरएफ और सीमा सुरक्षा बल समेत 16 टुकड़ियों ने हिस्सा लिया।

परेड में ऑपरेशन सिंदूर में बीएसएफ के 16 पदक विजेता और सीआरपीएप के 5 शौर्य चक्र विजेता भी शामिल हुए। परेड का नेतृत्व हेराल्डिंग टीम के 100 सदस्यों ने किया, जबकि 9 बैंड टुकड़ियां और 4 स्कूल बैंड ने परेड में परफॉर्म किया।

कांग्रेस को अंग्रेजों से गुलाम मानसिकता विरासत में मिली : प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- कांग्रेस को न केवल अपनी पार्टी और सत्ता अंग्रेजों से विरासत में मिली, बल्कि गुलाम मानसिकता को भी आत्मसात किया। कुछ ही दिनों में वंदे मातरम् अपनी 150वीं वर्षगांठ मनाई जाएगी। जब अंग्रेजों ने 1905 में बंगाल का विभाजन किया, तो इसके विरोध में वंदे मातरम् नागरिकों की आवाज बना। मोदी ने कहा- अंग्रेजों ने वंदे मातरम् बोलने प्रतिबंध लगाने की कोशिश की। वे कभी सफल नहीं हुए। वंदे मातरम् का मंत्र भारत के हर कोने में गूंजता रहा। जो काम अंग्रेज करने में विफल रहे, कांग्रेस ने हासिल किया। कांग्रेस ने धार्मिक आधार पर वंदे मातरम् के एक हिस्से को हटा दिया।




### गणतंत्र दिवस की तर्ज पर परेड हुई

10 झांकियां निकली गुजरात के केवडिया में गणतंत्र दिवस पर होने वाली परेड की तरह ही राष्ट्रीय एकता परेड हो रही है। इसमें 10 झांकियां निकाली गईं। इनमें एनडीआरएफ, एनएसजी, जम्मू-कश्मीर, अंडमान और निकोबार, पुडुचेरी, महाराष्ट्र, गुजरात, मणिपुर, छत्तीसगढ़ और उत्तराखंड की झांकियां शामिल हुईं। इस दौरान वायुसेना की सूर्यकिरण टीम ने फ्लाई पास्ट किया। एनएसजी का हेल मार्च, सीआरपीएफ और गुजरात पुलिस की महिला विंग राइफल ड्रिल, बीएसएफ का डॉग शो और असम पुलिस का मोटरसाइकिल स्टंट शो भी हुआ।

परेड में ऑपरेशन सिंदूर में बीएसएफ के 16 पदक विजेता और सीआरपीएप के 5 शौर्य चक्र विजेता भी शामिल हुए। परेड का नेतृत्व हेराल्डिंग टीम के 100 सदस्यों ने किया, जबकि 9 बैंड टुकड़ियां और 4 स्कूल बैंड ने परेड में परफॉर्म किया।

### देश को नक्सलवाद, माओवाद और आतंकवाद मुक्त करेंगे

पीएम ने कहा- यह लौह पुरुष सरदार का भारत है। हमने वैचारिक लड़ाई भी जीती, और नक्सलियों के घर में जाकर उनसे मुकाबला भी किया। उसका परिणाम आज देश के सामने है। 2014 के पहले देश के करीब सवा सौ जिले माओवादी आतंक की चपेट में थे। आज ये संख्या 11 बची है। उसमें भी 3 जिलों में ही नक्सलवाद गंभीर रूप से हावी है। आज इस धरती से पूरे देश को भरोसा दिलाता हूं कि जब तक देश नक्सलवाद, माओवाद और आतंकवाद से पूरी तरह मुक्त नहीं हो जाता, हम रुकने वाले नहीं हैं। चैन से बैठने वाले नहीं हैं।

### देश की एकता और सुरक्षा घुसपैठियों के कारण खतरे में पड़ी

पीएम मोदी ने कहा- आज, हमारे देश की एकता और आंतरिक सुरक्षा घुसपैठियों के कारण गंभीर खतरे का सामना कर रही है। दशकों से, विदेशी घुसपैठिए हमारे देश में घुस रहे हैं, इसके संसाधनों का दोहन कर रहे हैं और इसके जनसांख्यिकीय संतुलन को बिगाड़ रहे हैं। मोदी ने आगे कहा- दुर्भाग्य से, पिछली सरकारों ने इस गंभीर समस्या की अनदेखी की और इस समस्या से आंखें मूंद लीं। पुरानी सरकारें वोट बैंक की राजनीति के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालती रही। पहली बार, देश ने इस चुनौती का सीधा सामना करने और अपनी अखंडता की रक्षा के लिए एक दृढ़ और निर्णायक रुख अपनाया है। पीएम ने कहा- मैंने लाल किले से जनसांख्यिकी मिशन की घोषणा की। लेकिन आज, जब हम इस मुद्दे को गंभीरता से उठा रहे हैं, तो कुछ लोग अपने स्वार्थ को राष्ट्रीय हित से ऊपर रख रहे हैं। ये लोग घुसपैठियों के अधिकारों की रक्षा के लिए राजनीतिक लड़ाई लड़ रहे हैं।

एकता नगर में 1 से 15 नवंबर तक स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के परिसर में भारत पर्व 2025 का आयोजन किया जाएगा।

## सोनम वांगचुक टाइम मैगजीन के 100 प्रभावशाली लोगों में शामिल

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सोनम वांगचुक को टाइम मैगजीन ने 'द 100 मोस्ट इंफ्लुएंशियल क्लाइमेट लीडर्स ऑफ 2025' की लिस्ट में जगह दी है। मैगजीन ने लिखा- वांगचुक एक इंजीनियर, शिक्षाविद और सामाजिक कार्यकर्ता हैं। पिछले महीने उन्हें लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाने के प्रदर्शन के चलते गिरफ्तार किया गया था। वो पिछले एक दशक से प्राचीन सांस्कृतिक परंपरा, कृत्रिम ग्लेशियर बनाने में नई वैज्ञानिक तकनीकों को शामिल करने का काम कर रहे हैं।

वांगचुक की पत्नी ने X पर लिखा- टाइम मैगजीन उन्हें दुनिया के 100 प्रभावशाली लोगों में शामिल कर रही है। हमारी सरकार उन्हें एंटी-नेशनल करार दे रही है। सरकार की तरफ से कहा जा रहा है कि उनसे (सोनम वांगचुक) देश की सुरक्षा को खतरा है।

10 सितंबर को लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा, छठी अनुसूची आदि मांगों को लेकर वांगचुक और उनके समर्थक भूख हड़ताल पर बैठे थे। 24 सितंबर को लेह में बंद का आह्वान भी किया गया। इसके बाद कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस के लोगों ने भी इस बंद को समर्थन दिया और ये ऐलान किया कि पूरे लद्दाख में बंद रखा जाएगा।

इसके बाद लेह में ये बंद हिंसक हो गया। हिंसा में कम से कम 60 लोग घायल हुए। देर रात एक बयान में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने हिंसा के लिए सोनम वांगचुक को जिम्मेदार ठहराया। मंत्रालय ने कहा कि वांगचुक ने 'अरब स्प्रिंग' और 'जन जेड' आंदोलनों का हवाला देकर भीड़ को उकसाया। फिर हिंसा के बाद वांगचुक ने बयान जारी किया और अपना 15 दिन का उपवास तोड़ते हुए युवाओं से शांति बनाए रखने की अपील की थी। वो फिलहाल एनएसए यानी राष्ट्रीय सुरक्षा कानून समेत अन्य धाराओं में जोधपुर सेंट्रल जेल में बंद हैं।

## आतंकवादियों से जुड़े 3 मौलवी समेत 5 पकड़े, अंतरराष्ट्रीय आतंकी संगठन से संबंध होने की आशंका

बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर (निसं)।** जोधपुर में रेजिडेंसी रोड पर एटीएस चौकी में शुक्रवार सुबह सुरक्षा व्यवस्था काफी कड़ी थी। तीनों संदिग्धों को पहले यहीं लाया गया था।

राजस्थान में नेशनल इंवेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) के इनपुट पर एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड (एटीएस) की टीमों ने शुक्रवार सुबह कई जिलों में छापेमारी की है। इस कार्रवाई में 4 जिलों से 5 संदिग्ध आतंकवादियों को पकड़ा गया है। इनमें तीन आरोपी मौलवी बताए जा रहे हैं। दो मौलवी सगे भाई हैं। इन्हें अलग-अलग मदरसों से पकड़ा गया है। सूत्रों के अनुसार आरोपियों के इंटरनेशनल टेरर संगठन के फंडिंग नेटवर्क से जुड़े होने की आशंका है।

एटीएस आईजी विकास कुमार ने बताया- एटीएस की टीमों ने अलग-अलग जगहों से पांच लोगों को राउंडअप किया है। इनमें से एक व्यक्ति को जयपुर से पकड़ा गया है। राउंडअप किए गए संदिग्धों से पूछताछ के बाद जल्द खुलासा किया जाएगा।

एटीएस ने जोधपुर के चौखा स्थित अरेबिया मदरसा के एक मौलवी अयूब को कस्टडी में लिया है। वहीं, जोधपुर के पीपाड़ में एक मदरसे से मौलवी मसूद को पकड़ा है।

सांचौर (जालोर) के मदरसे से मौलवी उस्मान को भी टीमों ने गिरफ्त में लिया है। उस्मान और मसूद सगे भाई हैं। इनके पास से कई डॉक्यूमेंट भी जब्त किए गए हैं, लेकिन आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

करौली के ढोलीखार मोहल्ले से भी जुनैद को दबोचा। टीम युवक को अपने साथ ले गई। टीम की इस कार्रवाई में स्थानीय पुलिस का सहयोग लेने की भी सूचना है, लेकिन स्थानीय पुलिस अधिकारी कोई भी जानकारी नहीं दे रहे हैं।

तीन संदिग्धों को पकड़ने के बाद भी जोधपुर और पीपाड़ इलाके में संयुक्त एजेंसियों का सर्च ऑपरेशन चलाया। सूत्रों के अनुसार इन तीनों से जुड़े कुछ और लोग भी खुफिया एजेंसियों के रडार पर थे।

## तानाशाही से देश कमजोर होते हैं : डोभाल

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने शुक्रवार को कहा, 'किसी राष्ट्र की असली ताकत उसकी सरकारों की ताकत में होती है। बांग्लादेश, श्रीलंका और नेपाल में हाल के शासन परिवर्तन खराब गवर्नेंस के उदाहरण हैं।' उन्होंने कहा- जब सरकारें कमजोर, स्वार्थी या भ्रमित होती हैं तो परिणाम भी वैसा ही होता है। संस्थान राष्ट्र की रीढ़ होते हैं और जो लोग उन्हें बनाते और पोषित करते हैं, वही राष्ट्र की नींव मजबूत करते हैं।

डोभाल ने कहा कि महान साम्राज्यों, लोकतंत्रों और राजतंत्रों का पतन हमेशा गलत शासन से हुआ है। जब शासन तानाशाही हो जाता है और संस्थाएं कमजोर पड़ने लगती हैं तो देश पतन की ओर बढ़ता है।

दिल्ली में राष्ट्रीय एकता दिवस पर लेक्चर के दौरान डोभाल ने कहा कि एक सुरक्षा अधिकारी के नजरिए से मैं शासन को केवल प्रशासन नहीं, बल्कि राष्ट्र की सुरक्षा और विकास का तंत्र मानता हूं। सभ्यता को राष्ट्र-राज्य में बदलना एक कठिन कार्य है और यह सिर्फ मजबूत शासन व्यवस्था से संभव है। सरकार को सामान्य अपेक्षाओं से आगे जाकर काम करना चाहिए।

एनएसए डोभाल ने कह कि अब शासन को नई परिस्थितियों से जूझना पड़ रहा है। सबसे बड़ा बदलाव आम आदमी की बढ़ती जागरूकता है।

## वाईएल फार्मा की जुकाम-एलर्जी की दवाई का सैंपल फेल, बेचने पर रोक

### टेबलेट मिली अमानक; कंपनी की दूसरी दवाईयों के भी सैंपल लेने के आदेश

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (कासं)।** जयपुर में एक फार्मा कंपनी की जुकाम-एलर्जी की दवाई अमानक मिली। इस पर इस मेडिसिन को बेचने पर रोक लगा दी गई है।

ड्रग कंट्रोल डिपार्टमेंट ने शुक्रवार को एक रिपोर्ट जारी करते हुए वाईएल फार्मा कंपनी की जुकाम-एलर्जी में दी जाने वाली दवाई को अमानक माना है। डिपार्टमेंट ने इस फार्मा कंपनी की दूसरी दवाईयों के भी सैंपल लेकर उसकी जांच के आदेश दिए हैं।

ड्रग कंट्रोलर फर्स्ट से जारी आदेशों के मुताबिक हिमाचल प्रदेश के सोलन स्थित इस कंपनी की दवाई विंसेट-एलनाम से राजधानी जयपुर समेत प्रदेश के अन्य शहरों में दवाईयां सप्लाई होती हैं। पिछले दिनों इस कंपनी के बैच नं. एलटी25023 समेत अन्य दो बैच के सैंपल लिए गए थे।

इन सैंपल की जब जांच की गई तो दवाई अमानक निकली। यानी जिन सॉल्ट को इस दवाईयों में होना बताया, वह पर्याप्त मात्रा में इसमें नहीं मिले। कंपनी इस दवाई में लेवोसेट्रीजीन और डाइहोइड्रोक्लोराइड सॉल्ट होने का क्लेम करती है।

आदेशों में अब ड्रग कंट्रोलर ने इस कंपनी की आने वाली दूसरी दवाईयों के भी सैंपल लेने और उनकी जांच करवाने के आदेश दिए हैं।

## हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (कासं)।** राजस्थान हाईकोर्ट (जयपुर) को ई-मेल पर बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। ई-मेल में तमिलनाडु की सरकार, नाबालिगों से रेप को लेकर नाराजगी है। आरोपी ने तुरंत बिल्डिंग खाली कराने के लिए लिखा है। शुक्रवार सुबह मिले धमकी भरे मेल के बाद बिल्डिंग को खाली कराया गया है। धमकी की जानकारी मिलते ही परिसर में हड़कंप मच गया। सभी को आनन-फानन में बिल्डिंग से बाहर भेजा गया। डॉग स्क्वॉड की टीम बिल्डिंग में सर्च की। इस बीच कोर्ट के बाहर सैकड़ों की संख्या में लोग जमा हो गए। डीसीपी राजर्षि राज ने बताया कि सुरक्षा के लिहाज से कोर्ट में मौजूद सभी लोगों को परिसर से दूर रहने के लिए कहा गया। धमकी भरे मेल करने की जांच साइबर टीम कर रही है।

### एडवांस ड्रोन और एआई हथियारों पर रिसर्च में मदद मिलेगी, यूएस नई टेक्नोलॉजी शेयर करेगा

# भारत-अमेरिका में 10 साल का डिफेंस एग्रीमेंट

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली/वॉशिंगटन (एजेंसी)।** भारत और अमेरिका ने शुक्रवार को एक नया 10 साल का रक्षा (डिफेंस फ्रेमवर्क एग्रीमेंट) समझौता किया है। इसका मतलब है कि आने वाले 10 सालों तक दोनों देश मिलकर अपनी सेनाओं, रक्षा उद्योग और तकनीकी सहयोग को और मजबूत करेंगे। इसके तहत अमेरिका, भारत से एडवांस टेक्नोलॉजी शेयर करेगा, जिससे एडवांस ड्रोन और एआई हथियारों पर जॉइंट रिसर्च में मदद मिलेगी।

यह समझौता 31 अक्टूबर को कुआलालंपुर (मलेशिया) में हुआ, जहां दोनों देश आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक में शामिल थे। भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और अमेरिका के रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने इस समझौते पर दस्तखत किए।

अमेरिका के रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने X पर लिखा- मैंने राजनाथ सिंह के साथ 10 साल का अमेरिका-भारत रक्षा समझौता साइन किया है। यह हमारी साझेदारी को और मजबूत करेगा। दोनों देशों के बीच समन्वय, जानकारी साझा करने और तकनीकी सहयोग का नया दौर शुरू हो रहा है।

समझौता साइन होने के बाद हेगसेथ ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को शुक्रिया कहा। उन्होंने बताया कि यह रिश्ता दुनिया के सबसे अहम रिश्तों में से एक है। दोनों देश एक-दूसरे पर भरोसा करते हैं और इंडो-



पेसिफिक इलाके में सुरक्षा व खुशहाली चाहते हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि यह बैठक आसियान देशों और भारत के बीच रक्षा सहयोग को और मजबूत करेगी। इससे भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी को भी बल मिलेगा।

यह समझौता ऐसे वक्त पर हुआ है, जब दोनों देश के अधिकारी ट्रेड डील पर बातचीत कर रहे हैं। अमेरिका ने रूसी तेल खरीदने की वजह से भारत पर 50% एक्स्ट्रा टैरिफ लगाया है।

कॉमर्स मंत्री पीयूष गोयल साफ कह चुके हैं कि भारत कोई व्यापार समझौता जल्दी-जल्दी में नहीं साइन करेगा। हम किसी की ऐसी शर्त नहीं मानेंगे जो हमारे व्यापार को रोकती हो।

### इस समझौते से 4 बड़े फायदे होंगे

**सैन्य सहयोग बढ़ेगा-** दोनों देशों की सेनाएं मिलकर ट्रेनिंग और सेनाभ्यास करेंगी।

**जॉइंट प्रोडक्शन-** यानी दोनों देश मिलकर हथियार, रक्षा उपकरण और नई तकनीक बनाएंगे।

**टेक्नोलॉजी साझाकरण-** अमेरिका भारत को अपनी कुछ एडवांस डिफेंस टेक्नोलॉजी शेयर करेगा।

**सूचना और खुफिया जानकारी साझा-** दोनों देशों की एजेंसियां एक-दूसरे से सुरक्षा जानकारियां साझा करेंगी।

## सम्पादकीय

# लोकलुभावन वादों का पुलिंदा बनकर रह गए घोषणा पत्र, रेवड़ियां बांटने पर फोकस

चुनावों के अवसर पर राजनीतिक दलों की ओर से जारी किए जाने वाले घोषणा पत्रों को लेकर उत्सुकता अवश्य रहती है, लेकिन यह कहना कठिन है कि चुनाव उन्हीं के जरिये जीते-हारे जाते हैं। बहुत कम ऐसा देखा गया है कि घोषणा पत्रों में किए गए वादों के आधार पर किसी दल को जीत हासिल हुई हो। इसका कारण यह है कि अब घोषणा पत्र लोकलुभावन वादों का पुलिंदा बनकर रह गए हैं। उनमें ऐसे तमाम आकर्षक वादे होते हैं, जिन्हें राजनीतिक दलों के लिए पूरा करना संभव नहीं होता। हाल के समय में कई राज्यों में यह देखने को मिला है कि राजनीतिक दल अपने घोषणा पत्र के जिन वादों के साथ सत्ता में आए, उन्हें वे पूरा नहीं कर सके। इसलिए नहीं कर सके, क्योंकि राज्य विशेष की वित्तीय स्थिति ऐसी नहीं थी। कुछ राज्यों में तो यह भी देखने को मिला कि राजनीतिक दलों ने घोषणा पत्र के वादों को आधे-अधूरे ढंग से पूरा किया या फिर उन्हें पूरा करने की घोषणा करने के बाद ठिठक गए। जिस तरह घोषणा पत्र जारी करना कानूनी बाध्यता नहीं है, उसी तरह उनमें किए गए वादों को पूरा करना भी अनिवार्य नहीं है। इसका नतीजा यह है कि अब घोषणा पत्र रेवड़ियां बांटते दिखते हैं। यह ध्यान रहे कि रेवड़ियां वास्तविक विकास में बाधक ही बनती हैं। बिहार में महागठबंधन और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की ओर से जारी घोषणा पत्रों में अनेक ऐसे वादे हैं, जो कुल मिलाकर लोकलुभावन ही हैं। राजनीतिक दल घोषणा पत्रों में लोगों को लुभाने वाले तमाम वादे तो कर देते हैं, लेकिन यह नहीं बता पाते कि उन्हें पूरा कैसे किया जाएगा? इसका एक कारण यह है कि आम जनता घोषणा पत्रों के वादों को लेकर ऐसे सवाल कभी नहीं पूछती कि क्या राज्य की वित्तीय स्थिति उन्हें पूरा करने की सामर्थ्य रखती है? जिस दिन जनता यह जानने की कोशिश करने लगेगी, घोषणा पत्र गंभीरता के साथ तैयार किए जाने लगेंगे। जनता की ओर से राजनीतिक दलों को इसके लिए बाध्य किया जाना चाहिए कि वे जनहित से जुड़े वास्तविक मुद्दों को लेकर चुनाव मैदान में उतरें। दुर्भाग्य से ऐसा इसलिए नहीं हो पाता, क्योंकि वोट अभी भी जाति, संप्रदाय, क्षेत्र या फिर रेवड़ियों के आधार पर पड़ते हैं। इसी कारण योग्य प्रत्याशियों का चयन नहीं हो पाता और सुशासन स्थापित करना राजनीतिक दलों की प्राथमिकता नहीं बन पाता। घोषणा पत्रों में किए गए वादों को लेकर परस्पर विरोधी दलों में आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला तो छिड़ता है, लेकिन उन्हें लेकर वैसी सार्थक बहस नहीं हो पाती, जैसी विकसित देशों में होती है और जिसके आधार पर वहां स्वस्थ जनमत तैयार करने में मदद मिलती है। हैरानी नहीं कि अपने यहां चुनावी घोषणा पत्र अपनी महत्ता खोते जा रहे हैं।




## आज का इतिहास

बढ़ता राजस्थान

### 1 नवंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएं

- 1755 - पुर्तग़ाल की राजधानी लिस्बन में भूकंप से 50 हजार से अधिक लोगों की मौत।
- 1765 - ब्रिटेन के उपनिवेशों में स्टैम्प एक्ट लागू किया गया।
- 1800 - जॉन एडम्स व्हाइट हाउस में रहने वाले अमेरिका के पहले राष्ट्रपति बने।
- 1858 - भारत का शासन ईस्ट इंडिया कंपनी से ब्रिटेन के शासक के पास चला गया तथा गवर्नर-जनरल की जगह अब वायसराय की नियुक्ति की जाने लगी।
- 1881 - कलकत्ता में ट्राम सेवा स्यालदाह तथा अर्मेनिया घाट के बीच शुरू हुई।
- 1913 - स्वतंत्रता सेनानी तारकनाथ दास ने कैलिफोर्निया के सैन फ्रांसिस्को शहर में गदर आंदोलन की शुरुआत की।
- 1922 - ओटोमन साम्राज्य का अंत कर दिया गया। उसके सुल्तान महमूद छह को बहिष्कृत कर दिया गया।
- 1944 - द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान ब्रिटेन की सेना नीदरलैंड के वालचेरेन पहुंची।
- 1946 - पश्चिम जर्मनी के राज्य निदरसचसेन का गठन किया गया।
- 1950 - भारत में पहला भाप इंजन चितरंजन रेल कारखाने में बनाया गया।
- 1952 - जय नारायण ने राजस्थान के मुख्यमंत्री पद को ग्रहण किया।
- 1954 - फ्राँसीसी क्षेत्र पांडिचेरी, करिकल, माहे तथा यानोन भारत सरकार को सौंपे गये।
- 1956 - कर्नाटक राज्य की स्थापना।
- भाषा के आधार पर मध्य प्रदेश राज्य का गठन किया गया।
- राजधानी दिल्ली केन्द्र शासित राज्य बना।
- बेज़वाड़ा गोपाल रेड्डी को आंध्र राज्य के मुख्यमंत्री से पदमुक्ति
- नीलम संजीव रेड्डी ने आंध्र राज्य के मुख्यमंत्री पद को ग्रहण किया।
- आबू, देलवाड़ा तहसील का भी राजस्थान में विलय हुआ, मध्य प्रदेश में शामिल सुनेल टप्पा का भी विलय हुआ।

## विशेष आलेख

# बिहार का चुनावी रण,किसके हाथ कमान



विवेक वैष्णव



मौजूदा समय में यदि देखा जाए तो देशभर की ही नहीं कुछ विदेशियों की भी नजर बिहार चुनाव पर केन्द्रित है। नवम्बर के पहले सप्ताह में बिहार के चुनाव प्रारंभ हो जाएंगे तथा मध्य नवम्बर तक इसके परिणाम भी घोषित हो जाएंगे। बिहार की राजनीति दशकों से जातिगत समीकरणों, विकास की आवश्यकता और सुशासन की मांग के बीच एक जटिल संतुलन पर टिकी हुई है। चुनावी नतीजों पर इन सभी कारकों का गहरा असर होता है।

बिहार में चुनाव अभी भी बड़े पैमाने पर जातिगत पहचान पर लड़ा जाता है। पार्टियां हमेशा अपने मूल वोट बैंक को साधने पर ध्यान केंद्रित करती हैं। वहां उम्मीदवार का चयन भी अक्सर उसकी जाति के आधार पर होता है और यह फैक्टर कई सीटों पर हार-जीत का निर्णायक कारण बनता है। बिहार देश के सबसे अधिक प्रवासी श्रमिकों वाले राज्यों में से एक है। विपक्षी दल भी बड़े पैमाने पर नौकरी देने के वादे करके युवाओं को आकर्षित करने की कोशिश करते हैं। 2020 के चुनाव में भी यह एक बहुत बड़ा मुद्दा था और इसका असर नतीजों पर दिखा, जब आरजेडी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी।

राजनीति में बाहुबलियों और उनके परिवार के सदस्यों को टिकट देने का चलन अभी भी जारी है। बाहुबली अपने स्थानीय प्रभाव और वोट बैंक के कारण सीटों पर जीत सुनिश्चित करते हैं। इसके अलावा राज्य में सरकारी योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन को लेकर भ्रष्टाचार के आरोप भी एक प्रमुख मुद्दा बनते हैं। सडक़ें, बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाएँ एक महत्वपूर्ण मुद्दा हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली और सडक़ के क्षेत्र में हुए काम को सरकार अपनी उपलब्धि बताती है जबकि स्वास्थ्य और शिक्षा संस्थानों की खराब स्थिति विपक्ष के निशाने पर रहती है।हालांकि पिछले 15-20 वर्षों में कानून व्यवस्था में बहुत कुछ सुधार हुआ है लेकिन आज भी कुछ दलों द्वारा ''जंगलराज'' की वापसी का डर दिखाकर वोट माँगे जाते हैं। यह मुद्दा अक्सर पुरानी पीढियों को खींचता है जबकि युवा मतदाता इस पर कम ध्यान देते हुए रोजग़ार और विकास की तरफ झुकते हैं।

जातिगत आधार पर वोटों का एक जगह इक_ा होना सबसे निर्णायक कारक है जो किसी भी गठबंधन की सफलता या विफलता तय करता है। लंबे समय तक शासन करने वाले गठबंधन के खिलाफ मतदाताओं का मोहभंग होना भी चुनाव के रिजल्ट को प्रभावित करते है। यदि किसी गठबंधन के भीतर दरारें या ''दोस्ताना मुकाबले'' होते हैं तो विपक्ष का वोट बँट जाता है जिसका सीधा फायदा सत्ताधारी दल को होता है। यदि कोई तीसरा पक्ष (जैसे मौजूदा समय में प्रशांत किशोर यानि पीके का 'जन सुराज') जाति-मुक्त, विकास-केंद्रित राजनीति का एजेंडा आगे बढ़ाता है तो वह दोनों बड़े गठबंधनों के पारंपरिक वोटों में सेंध लगा सकता है। ये नए विकल्प पारंपरिक वोट बैंक को तोडक़र नतीजों को अप्रत्याशित बना सकते हैं।

बिहार चुनाव का परिणाम अक्सर जाति की मज़बूती बनाम विकास और रोजग़ार की आकांक्षा के बीच की लड़ाई से तय होता है। जिस गठबंधन के नेता अपने जातिगत आधार को एकजुट रखते हुए युवाओं को विकास के वादों से लुभाने में सफल होते हैं वही सत्ता हासिल करता है। चिराग पासवान और प्रशांत किशोर दोनों ही बिहार की राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका में है। चिराग पासवान स्वयं को रामविलास पासवान का राजनैतिक उत्तराधिकारी के रूप में पेश कर रहे है। गत चुनाव में जेडीयू को हुए नुकसान के बाद चिराग की अहमियत बढ़ी है और चुनावी परिणाम यह दर्शायेंगे कि चिराग का ''बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट'' का नारा कितना चल पाया है। प्रशांत किशोर का असर राजनीति में तीसरे मोर्चे के उदय की संभावना दर्शा सकता है। पीके का जनसुराज अभियान किसी पारंपरिक दल के बजाय एक सामाजिक एवं राजनैतिक आंदोलन का रूप ले सकता है। पीके फैक्टर यदि बिहार में बड़े दलों के वोट गणित को बिगाड़ता है तो यह अन्य राज्यों में भी एक मॉडल बन सकता है। पीके ने चुनावी रणनीतिकार के रूप में अपनी सफलता को बिहार में एक राजनीतिक आंदोलन के रूप में बदला है। पीके का राजनीतिक आंदोलन यह स्थापित करता है कि भारतीय राजनीति में जन समर्थन के साथ ही डेटा आधारित संगठनात्मक रणनीति भी निर्णायक भूमिका निभाती है। पीके का प्रभाव भारत में जमीनी स्तर पर नागरिक जुड़ाव की नई संभावनाओं को खोल सकता है।

बिहार चुनाव के परिणाम हर बार की तरह इस बार भी देश की राजनीति पर गहरा प्रभाव डालेगा। बिहार चुनाव 2025 का परिणाम न केवल बिहार की दिशा तय करेगा बल्कि इसका दूरगामी असर होकर राष्ट्रीय राजनीति में 2029 के आम चुनावों के परिणामों को भी प्रभावित करेगा। यह परिणाम राष्ट्रीय राजनीति की बदलती धुरी के संकेत भी दे सकता है।

# सशक्त और समृद्ध होंगे हमारे पंच गौरव'

### 103.50 लाख बजट आवंटित, कार्ययोजना हो रही तैयार'

*इस बजट राशि के माध्यम से पंच गौरव उन्नयन एवं संवर्द्धन के लिए संबंधित विभाग कार्ययोजना तैयार कर रहे हैं। जिला स्तर पर कलक्टर की अध्यक्षता में गठित समितियों के माध्यम से मार्गदर्शन, बजट, विकास की कार्ययोजना, सामुदायिक भागीदारी, क्षमतावर्द्धन, बाजार तकनीकों का प्रशिक्षण इत्यादि के क्षेत्र में चरणवार कार्य किया जाएगा।*

**रचना शर्मा, सहायक निदेशक**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर जिले की क्षमता एवं विशिष्टता के आधार पर पंच गौरव योजना में एक उत्पाद, एक गंतव्य स्थल, एक उपज, एक खेल व एक प्रजाति का चयन कर इनके संरक्षण, संवर्धन एवं विकास का बीडा राज्य सरकार ने उठाया है। इस महत्वाकांक्षी योजना को धरातल पर साकार करने के लिए राज्य सरकार की ओर से बजट आवंटन कर दिया गया है। जिला कलक्टर पीयूष समारिया के निर्देशन में संबंधित विभागों द्वारा कार्ययोजना तैयार की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई पंच गौरव योजना में एक जिला एक उत्पाद- कोटा डोरिया, एक जिला-एक उपज- धनिया, एक जिला-एक प्रजाति- खैर, एक जिला- एक खेल- कुश्ती तथा एक जिला-एक पर्यटन स्थल के तौर पर चम्बल रिवर फ्रंट का चयन किया गया है। प्रदेश के सर्वांगीण विकास को दृष्टिगत रखते हुए प्रत्येक जिले की क्षमता एवं क्षेत्र विशेष में विशिष्टता के आधार पर उत्पादों, स्थलों, प्रजाति, खेल व उपज का चयन कर उनके संरक्षण, संवर्धन एवं विकास के माध्यम से जिले को एक मजबूत सांस्कृतिक एवं आर्थिक पहचान देने के उद्देश्य से पंच गौरवों का निर्धारण किया गया है। विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से आर्थिक उन्नति एवं रोजगार के अवसरों में बढ़ोतरी कर ये विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकेंगे।



**संबंधित विभाग बनाएंगे कार्ययोजना :** पंच गौरव योजना के नोडल अधिकारी संयुक्त निदेशक सांख्यिकी महेश चंद्र बैरवा ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा पंच गौरव विकास के लिए 103.50 लाख रूपए बजट आवंटन किया गया है। इस बजट राशि के माध्यम से पंच गौरव उन्नयन एवं संवर्द्धन के लिए संबंधित विभाग कार्ययोजना तैयार कर रहे हैं। जिला स्तर पर कलक्टर की अध्यक्षता में गठित समितियों के माध्यम से मार्गदर्शन, बजट, विकास की कार्ययोजना, सामुदायिक भागीदारी, क्षमतावर्द्धन, बाजार तकनीकों का प्रशिक्षण इत्यादि के क्षेत्र में चरणवार कार्य किया जाएगा।

**धनिया, कुश्ती, रिवरफ्रंट, खैर और कोटा डोरिया हैं जिले के पंच गौरव :** चयनित पर्यटन स्थल चम्बल रिवर फ्रंट चम्बल रिवर फ्रन्ट भारत में विकसित प्रथम हैरिटेज रिवर फ्रन्ट है। यह परियोजना पर्यटकों को आकर्षित कर रही है जिससे कोटा शहर में रोजगार के नवीन अवसर उपलब्ध होंगे तथा अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा। नोडल अधिकारी ने बताया कि इस गंतव्य स्थल पर पर्यटन विकास के लिए राज्य सरकार द्वारा 40 लाख का बजट आवंटित किया गया है।

## शख्सियत

बढ़ता राजस्थान



गोपाल जायसवाल (समाजसेवी)

नमस्कार साथियों हमारी आज के शख्सियत कॉलम के स्टार हैं गोपाल जायसवाल। भरतपुर जिले से अलवर आए जयसवाल। ये बड़े सरल स्वभाव और हंसमुख स्वभाव के हैं।अलवर शहर में सन 2001 में भरतपुर जिले से अलवर शहर में आए बिजनेस के रूप में कार्य किया अपनी मधुर संबंधों से व्यापारी वर्ग को अपने साथ रखकर ओर कदम कदम पर उनका साथ देने वाले व्यक्ति है गोपाल जायसवाल एक व्यापारी ( बिजनेसमैन) के रूप में अपनी अलग ही पहचान बनाई है और उन्हें व्यापार का काफी लंबा अनुभव रहा है। बिजनेसमैन के साथ-साथ जायसवाल धीरे-धीरे समाज सेवा से जुड़े और सामाजिक क्षेत्र में सरोकार कार्य किया गए सामाजिक कार्यों मैं अपनी अलग पहचान बनाते हुए इन्होंने राजनीति के क्षेत्र में कदम रखा और सन 2015 मैं राजनीति से जुड़ गए और और राजनीति में सक्रिय उनकी कार्यशैली को देखते हुए जिला कांग्रेस कमेटी ने उन्हें (जिला सचिव ) का पद नियुक्त किया गया.अपने पद पर कार्यरत हैं गोपाल जायसवाल ने अपनी कार्यशैली से हर क्षेत्र में अपनी भूमिका निभाई समाज में कदम रखा और अपने समाज के उच्च पद पर अखिल भारतीय जायसवाल सर्ववर्गीय महासभा के( राष्ट्रीय उपाध्यक्ष )पद पर चयन हुआ। ओर आज भी अपने पद पर कार्यरत हैं। व्यापारी के रूप में अपनी पहचान बना चुके हाल ही में 2 साल से अलवर फुटवियर एसोसिएशन के (अध्यक्ष )पद पर कार्यरत हैं। भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की देश की भ्रष्टाचार निरोधक पर काम करने वाली नेशनल ह्यूमन राइट द्वारा उन्हें एंटी करप्शन ह्यूमन राइट के (प्रदेशाध्यक्ष )पद नियुक्त किए गए विगत 4 वर्षों से अपनी कार्यशैली से जन समस्याओं पर आवाज उठा रहे हैं और प्रशासनिक अधिकारियों से आमजन की समस्याएं समाधान करवा रहे हैं। टीम बढ़ता राजस्थान आपके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

**रूपक शर्मा**

## हैल्थ टिप्स

बढ़ता राजस्थान

# क्या दोपहर की धूप में बैठने से भी मिल सकता है विटामिन-डी?

आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोगों के पास सुबह के टाइम मॉर्निंग वॉक या पार्क में टहलने का समय नहीं होता है, जिसके कारण उनके शरीर में विटामिन- डी की कमी हो जाती है। इसके कारण उन्हें अक्सर मांसपेशियों और हड्डियों में दर्द और कमजोर इम्यूनिटी जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। जैसा कि आप जानते होंगे कि विटामिन-डी का मुख्य स्रोत धूप है। ऐसे में, सही खानपान के बावजूद कई लोगों के शरीर में विटामिन-डी की कमी रहती है। आपको बता दें, भारत में 80प्रतिशत से ज्यादा लोगों में विटामिन-डी की कमी है, जिसके कारण हड्डियों और मांसपेशियों से जुड़ी समस्याएं होने लगती हैं। ऐसे में कई लोग यह भी सलाह देते हैं कि सुबह की धूप विटामिन- डी का सबसे अच्छा स्रोत है। लेकिन जो लोग अपनी जिंदगी में व्यस्तता के कारण सुबह के समय अपने लिए समय नहीं निकाल पाते हैं, अक्सर उनका यह सवाल रहता है कि क्या विटामिन-डी केवल सुबह की धूप से ही ली जा सकती है या दोपहर की धूप से भी विटामिन- डी की कमी को पूरा किया जा सकता है? क्या कहते हैं डॉक्टर? डॉ सौरभ सेठी ने अपने यूट्यूब चैनल के माध्यम से दर्शकों को बताया है कि विटामिन-डी के लिए सुबह की धूप सबसे अच्छी मानी जाती है। इससे शरीर को भरपूर मात्रा में विटामिन-डी मिलता है। साथ ही, से संबंधित समस्याएं भी नहीं होती है। लेकिन जो लोग व्यस्तता के कारण सुबह की धूप नहीं ले पाते हैं, उनके लिए डॉक्टर सेठी ने बताया है कि वे लोग रोजाना केवल 10 से 30 मिनट तक दोपहर की धूप में बैठ सकते हैं।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष
आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। ससुराल पक्ष से कोई व्यक्ति आपसे मेल मिलाप करने आ सकता है। अपनी माताजी से किसी बात को लेकर नराज हो सकते हैं।

### वृष
आज का दिन आपके लिए कारोबार में अच्छा रहने वाला है। आप किसी महत्वपूर्ण चर्चा में सम्मिलित हो सकते हैं, वहां आप अपनी बात अवश्य रखें। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को साथी से किसी बात को लेकर बहस बाजी होने की संभावना है।

### मिथुन
आज भाग्य मजबूत रहने से आपका मन काफी खुश रहेगा। भगवान की भक्ति में आपका खूब मन लगेगा, लेकिन परिवार के किसी सदस्य की सेहत में गिरावट आने से भाग दौड़ बनी रहेगी। अनजान लोगों से दूरी बनाकर रखे।

### कर्क
आज आपको किसी वाद विवाद में पढ़ने से बचना होगा। आप यदि कोई काम करे, तो उसे जिम्मेदारी से करें। आपके कार्य क्षेत्र में छोटों की गलतियों को बड़प्पन दिखाते हुए माफ करना होगा।

### सिंह
आज का दिन आपके लिए किसी नए घर मकान आदि की खरीदारी के लिए अच्छा रहेगा, लेकिन आपको उसके जरूरी कागजातों पर पूरा ध्यान देना होगा।

### कन्या
आज का दिन आपके लिए निवेश संबंधी मामलों में अच्छा रहने वाला है। आप अपने कामों को लेकर मेहनत से बिल्कुल पीछे न हटे, क्योंकि आपके परिवार में किसी सदस्य से काम को लेकर बहस बाजी हो सकती हैं।

### तुला
आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। आपके मन में खुशियां रहेंगी और आप अपने कामों से अपने बॉस को खुश रखेंगे, जिससे वह आपके प्रमोशन की बात को भी आगे बढ़ा सकते हैं, लेकिन आप महिला मित्रों से थोड़ा दूरी बनाकर रखे।

### वृश्चिक
आज आपको भावनाओं में बहकर कोई निर्णय लेने से बचना होगा। आप किसी बात को लेकर जिद्द व अहंकार न दिखाएं। आप का रुका हुआ धन मिलने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

### धनु
आज आपको कुछ नये संपर्कों से लाभ मिलेगा। आप सबको साथ लेकर चलने की कोशिश करेंगे। सामाजिक कार्यक्रमों से जुड़कर आप अच्छा नाम कमाएंगे। आपको किसी सरकारी योजना में इन्वेस्टमेंट करना बेहतर रहेगा।

### मकर
आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपकी कोई पुरानी गलती से पर्दा उठ सकता है। आपको किसी से बिना मांगे सलाह लेने से बचना होगा। यदि आपने किसी को धन उधार दिया था।

### कुंभ
आज का दिन आपके लिए बढिय़ा रहने वाला है। आपके व्यक्तित्व में निखार आएगा। आप अपने टेंशनों के स्तर पर सुधार लाने की पूरी कोशिश करेंगे। आपका आत्मविश्वास मजबूत रहने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

### मीन
आज का दिन रोजगार की तलाश में लोगों के लिए बढिय़ा रहने वाला है। आपको अपने खर्चों को लेकर बजट बनाकर चलने की आवश्यकता है, नहीं तो आप अपने खर्चों को अनलिमिटेड बढ़ा सकते हैं।

## टोडारायसिंह पीएम श्री राबाउमावि में प्रखर राजस्थान 2.0 मेगा पीटीएम का हुआ आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**टोडारायसिंह (उमाशंकर शर्मा )।** कस्बे में स्थित पीएम श्री राबाउमावि में राष्ट्रीय एकता दिवस पर मेगा पीटीएम का आयोजन किया गया। बैठक में कक्षा 1 से 8 तक के छात्र-छात्राओं, अभिभावक, स्टाफ ने भाग लिया। रीडिंग रेमिडिएशन कैम्पेन के तहत विद्यार्थियों की प्रगति से अभिभावकों को अवगत कराया गया । विभिन्न प्रतियोगिताएँ जैसे पोस्टर और स्लोगन लेखन, निबन्ध और वाद-विवाद, सांस्कृतिक कार्यक्रम, संसद सत्र, राष्ट्रीय एकता शपथ आदि प्रस्तुत किये गये। मिड डे मील के अन्तर्गत विद्यार्थियों को स्पेशल डाइट (कृष्ण भोग) कराया गया। सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन से जुड़े प्रसंगों पर चर्चा की गई। अभिभावकों को विद्यार्थियों की शैक्षिक प्रगति से अवगत कराया गया । विद्यार्थियों द्वारा मध्यावधि अवकाश के दौरान किये गये गृहकार्य का प्रस्तुतीकरण किया गया। मेगा पीटीएम में विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़े विभिन्न अहम पहलुओं पर चर्चा की गई। इसमें शिक्षक विद्यार्थियों की शैक्षिक प्रगति के बारे में अभिभावकों को अवगत कराया गया। अन्त में प्रधानाचार्य ने राष्ट्रीय एकता दिवस पर प्रकाश डालते हुए पारितोषिक वितरण कर सभा को विसर्जित किया गया।

## टोडारायसिंह में निकाला एकता मार्च, सरदार पटेल की जयंती पर छात्रों ने दी एकता की मिसाल



बढ़ता राजस्थान

**टोडारायसिंह (उमाशंकर शर्मा)।** एकता मार्च समारोह के उपलक्ष में उपखण्ड स्तरीय कार्यक्रम के दौरान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय टोडारायसिंह के छात्र-छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय एकता के रूप में राउमावि से पीपली चौहारा होते हुये नगरपालिका तक एकता मार्च को नायब तहसीलदार मनीष मीणा द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मार्च पश्चात रंगोली कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगर पालिका सभागार में ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा सरदार पटेल पर कविताएं एवं भाषण दिये गये। अंत में एकता शपथ दिलाकर कार्यक्रम का समापन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष नगरपालिका भरत लाल सैनी, नायब तहसीलदार मनीष मीणा, सीबीईओ ओमप्रकाश चौपडा, अतिरिक्त सीबीईओ कमलेश शर्मा, यूसीईईओ अशोक चौपडा उपस्थित रहे।

## इन्टरवेशन सर्जरी के जरिये ब्रेन व स्पाईन से संबधित रोग का अब उपचार सम्भव-डॉ. अनुराग सिहाग

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)।** इन्टरवेशन न्यूरो सर्जरी के विशेषज्ञ डॉ. अनुराग सिहाग ने बताया कि पहले लकवा, टयूमर, ब्रेन हेमरेज, स्वाईन डिस, स्साईन टीबी से ग्रसित मरीज का इलाज करने के लिए ब्रेन को खोलना पड़ता था, वही अब नई तकनीक जैसे की हार्ट में ब्लाकेज दूर करने के लिए स्टेण्ड़ डालते है, वेसे ही इन्टरवेशन सर्जरी के द्वारा मात्र पाईप ब्रेन तक पहुचाकर ही मरीज का उपचार सम्भव है। डॉ. सिहाग शुक्रवार को यहां एक नीजि होटल में पत्रकारों से वार्ता में बोल रहे थे। इन्टरवेशन न्यूरो सर्जरी में अपने नौ साल के अनुभव पर उन्होने बताया कि इन्टरवेशन के द्वारा मरीज को अपनी बीमारी से जल्द छुटकारा मिलना सम्भव हुआ है। वर्तमान में इटरनल हॉस्पिटल जयपुर में अपनी सेवाएं दे रहे डॉ. सिहाग ने बताया कि इन्टरवेशन सर्जरी एक नई तकनीक है, जिसके बारे में जरूरतमंद लोगो को आज भी पृा नही है, ऐसे में मीडिया उन रोग ग्रसित लोगों तक बात पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम है। डॉ. सिहाग ने एक सवाल के जवाब में कहा कि उन्हे बचपन से ही मानव मस्तिष्क की जटिलता ने आकर्षित किया है, यही वह क्षैत्र है, जहा एक सही सर्जरी मानव का जीवन बचा सकती है। इटरनल हास्पिटल के सीनियर मेनेजर भवानी सिंह ने बताया कि डॉ. सिहाग अब टोंक के मरीजों को भी परामर्श देंगे, जिसके लिए हर महिने के चोथे शुक्रवार को विकास मेडिकल टोंक मेहन्दीबाग पर रहकर पूर्व में रजिस्ट्रेड़ मरीजों को उपचार हेतु परामर्श देंगे। भवानी सिंह ने बताया कि ब्रेन एंव स्पाईन का डा. सिहाग अब तक सैकड़ो मरीजों का इन्टरवेशन तकनीक से सर्जरी

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रयासों से पोक्सो प्रकरणों में अभियुक्तों को किया दोषमुक्त

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** अभियुक्त श्रीराम मीणा पुत्र लटूर मीणा निवासी टोडा, थाना बामनवास एवं सुनील कीर निवासी आलनपुर सवाई माधोपुर द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता हेतु कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर में आवेदन प्रस्तुत किया गया था ।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर द्वारा मामले में संज्ञान लेते हुए अभियुक्त श्रीराम मीणा के प्रकरण संख्या 104/2018 सरकार बनाम श्रीराम अपराध अंतर्गत धारा 376, 384 आईपीसी 4 पोक्सो एक्ट तथा सुनील कीर के प्रकरण संख्या 65/2022 सरकार बनाम सुनील अपराध अन्तर्गत धारा 363, 366, 376 आईपीसी 4, 5 पोक्सो एक्ट में निःशुल्क पैरवी हेतु राधेश्याम जोगी, चीफ लीगल एड डिफेन्स काउंसिल सवाई माधोपुर को प्रकरण आवंटित किए गए। चीफ लीगल एड डिफेन्स काउंसिल राधेश्याम जोगी द्वारा मामले में पोक्सो न्यायालय में मजबूती से पैरवी की गई, जिसमें माननीय न्यायालय द्वारा अभियुक्तों को दोषमुक्त किया गया ।

## भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती : 1 से 15 नवम्बर तक जिले भर में आयोजित होंगे विभिन्न कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर जिलेभर में 1 नवम्बर से 15 नवम्बर तक जनजाति गौरव वर्ष के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इसके तहत आयोजित होने वाली गतिविधियों, नवाचारों तथा कार्यक्रमों का सफल आयोजन सुनिश्चित किया जाए। जिससे भगवान बिरसा मुंडा का प्रेरणादायी जीवन जन-जन तक पहुंच सके। इन कार्यक्रमों की श्रृंखला में संबंधित विभाग गतिविधियां तथा कार्यक्रम सुव्यवस्थित रूप से आयोजित किया जाना सुनिश्चित करें।

# बेमौसम बारिश बनी आफत, खरीफ की फसल 50 प्रतिशत तक खराब, कई जिलों में भारी नुकसान

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** राजस्थान में अक्टूबर महीने में हुई बेमौसम बारिश ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। बारिश के चलते प्रदेशभर में खरीफ फसलों को 40 से 50 प्रतिशत तक नुकसान पहुंचा है। कोटा, झालावाड़ और चित्तौडग़ढ़ जिले में 90 प्रतिशत तक फसलों को नुकसान पहुंचा है। पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के चलते अक्टूबर के आखिरी सप्ताह में प्रदेशभर में बारिश हुई। कई जिलों में भारी बारिश के चलते खेतों में पानी भर गया। ऐसे में सोयाबीन, ग्वार, मूंग, मोठ, बाजरा और मूंगफली जैसी फसलों को काफी नुकसान हुआ है। बारिश के चलते नई फसलें बर्बाद हो गई।

**कटी हुई फसलें भी खराब :** जानकारी के मुताबिक जयपुर, कोटा, झालावाड़, बारां, अजमेर, सीकर, चित्तौडग़ढ़ और भीलवाड़ा जिले सहित कई जिलों में बारिश से खड़ी फसलें चौपट हो गई। वहीं, कटी हुई फसलें भी खराब हो गई। ऐसे में किसान मंडियों में कम दाम पर अपनी फसल बेचने को मजबूर है।

**3 जिलों में 90 प्रतिशत तक फसलें चौपट :** राजस्थान के कोटा, झालावाड़ और चित्तौडग़ढ़ जिले में 90 प्रतिशत तक फसलें बर्बाद हो गई हैं। बाजरा, ग्वार, मूंग और मूंगफली की फसलों को भारी नुकसान हुआ है। इसके अलावा किसानों की सोयाबीन की फसल भी चौपट हो गई। बेमौसम बारिश से अफीम के खेतों में पानी भर गया। इससे अफीम किसानों पर सीधा असर पड़ेगा। खेत तालाब बनने से बीज सडऩे की आशंका बन रही है। किसानों को दोबारा बुवाई करनी पड़ सकती है।

**यहां मूंगफली और बाजरे की फसल चौपट :** इसी तरह दौसा, टोंक, सवाईमाधोपुर और भीलवाड़ा में मूंगफली और बाजरे की फसलों को भारी नुकसान हुआ है। कई जिलों में तो बारिश के चलते खेत लबालब हो गए हैं और बीज ही बह गया।

**फसलों के नुकसान का करवा रहें हैं आंकलन :** राजस्थान खाद्य पदार्थ व्यापार संघ के अध्यक्ष बाबूलाल गुप्ता का कहना है कि प्रदेशभर में फसलों के नुकसान का आंकलन करवा रहे हैं। कोटा, भीलवाड़ा और अजमेर जिले में मूंग, मोठ, ग्वार और बाजरे की फसल को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है।

## जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने एकता मार्च को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

### राष्ट्र को एकजुट रखने में सरदार पटेल के अमूल्य योगदान को किया याद

बढ़ता राजस्थान



**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)।** देश के प्रथम गृहमंत्री एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती व राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को जिला मुख्यालय पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय,कोठी नातमाम से सिविल लाइन होते हुए पटेल सर्किल तक एकता मार्च का आयोजन किया गया।

राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित एकता मार्च को प्रदेश के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान देवली-उनियारा विधायक राजेंद्र गुर्जर, निवाई-पीपलू विधायक रामसहाय वर्मा, जिला प्रमुख सरोज बंसल,जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल, सीईओ परशुराम धानका, जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान, पूर्व विधायक अजीत सिंह मेहता,पूर्व सभापति लक्ष्मी जैन समेत जिला प्रशासन के अधिकारी-कार्मिक, अन्य जनप्रतिनिधि, राजस्थान पुलिस के जवान, नर्सिंग स्टूडेंट, स्कूली छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। एकता मार्च के बाद सभी प्रतिभागियों, अधिकारियों व कार्मिकों ने राष्ट्रीय एकता एवं नशा मुक्त भारत की शपथ ली।

इस अवसर पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री चौधरी ने कहा कि देश की आजादी के बाद राष्ट्र को एकजुट रखने में सरदार वल्लभ भाई पटेल के योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा।

सरदार पटेल के 150वें जयंती वर्ष पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में विभिन्न आयोजन हो रहे हैं। इनसे देशवासियों को सरदार पटेल के व्यक्तित्व और आधुनिक भारत के निर्माण में उनके योगदान की जानकारी मिलेगी। देश भर में हो रहे यूनिटी मार्च देशवासियों के मन में राष्ट्र भक्ति की भावना जागृत करेगी। उन्होंने आह्वान किया कि सभी कार्यक्रमों में अधिक से अधिक लोग भागीदारी निभाएं। रैली के पटेल सर्किल पहुंचने के बाद जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने सरदार पटेल की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की

## औचक निरीक्षण

### गलत पालना रिपोर्ट भेजने पर पूर्व उप पंजीयक को कारण बताओ नोटिस, गिरदावर अर्चना गुप्ता को थमाई चार्जशीट

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिला कलक्टर काना राम ने शुक्रवार को उप पंजीयक कार्यालय, सवाई माधोपुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने दस्तावेजों के सुव्यवस्थित संधारण, कार्यालय परिसर में स्वच्छता और सुव्यवस्था बनाए रखने, रंग रोगन करवाने के निर्देश उप पंजीयक अधिकारी मदन लाल मीना को दिए।

उन्होंने निर्देश दिए कि रजिस्ट्री संबंधी सभी प्रकरणों को ई-पंजीयक पोर्टल के माध्यम से ही प्राप्त किया जाए, ताकि रजिस्ट्रीकरण प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जा सके।

निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर ने तत्कालीन कलक्टर द्वारा 13 फरवरी को किए गए उप पंजीयक कार्यालय के निरीक्षण के दौरान दिए गए निर्देशों की झूठी पालना रिपोर्ट भेजे जाने पर तत्कालीन उप पंजीयक नीरू सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी करने तथा गिरदावर अर्चना गुप्ता को चार्जशीट जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने 15 लाख रुपए से अधिक मूल्य के सभी दस्तावेजों का मौके पर निरीक्षण करने के निर्देश भी प्रदान किए। साथ ही, 1 जनवरी, 2025 से 30 अक्टूबर 2025 की अवधि में जिन पटवार मंडलों में सर्वाधिक रजिस्ट्री हुई है, उन शीर्ष 10 पटवार मंडलों की सूची भिजवाने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला कलक्टर ने डीएलसी रेट संशोधन हेतु प्रस्ताव शीघ्र भेजने के निर्देश दिए तथा मौके पर निरीक्षण पंजिका जांची।

## हॉस्पिटल कर्मियों को आग पर काबू पाने की दी ट्रैनिंग



बढ़ता राजस्थान

टोंक ( पुरूषोत्तम जोशी )। अग्रवाल हॉस्पिटल टोंक में शुक्रवार को फायर सैफ्टी के बारे में जानकारी दी गई। फायर सैफ्टी के निदेशक ने बताया कि हॉस्पटल में आकस्मिक आग लग जाने पर किस तरह से आग पर काबू पाया जाए, इसके बारे में विस्तार से सभी अस्पताल कर्मियों को जानकारी दी गई।

अग्रवाल हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. सुरेन्द्र अग्रवाल ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रमों की जानकारी मिलने से बड़े हादसों को टाला जा सकता है।

उन्होंने बताया कि प्रत्येक कर्मचारी को आग बुझाने के बारे में जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि हमारा हॉस्पिटल 4 मंजिल का है, वहाँ पर प्रत्येक मंजिल पर आग पर काबू पाने के लिए फायर सैफ्टी वॉल लगाए हुए है, जिससे तुरन्त प्रभाव से आग लगने की स्थिति में तुरन्त काबू पाने में सुविधा होगी एवं अनहोनी होने से बचाई जा सकेगी।

इस दौरान अस्पताल के मैंनेजर मनोज गुप्ता, गोपाल सिंह, राजेश शर्मा सहित सभी चिकित्सक एवं नर्सिंग स्टाफ आदि मौजूद थे।

## सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती: रन फॉर यूनिटी मार्च में युवाओं में दिखा उत्साह

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शुक्रवार को सवाई माधोपुर में सरदारञ्च150 के तहत आयोजित एकता मार्च का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में जिला कलक्टर काना राम द्वारा सरदार पटेल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

जिला कलक्टर काना राम एवं पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार ने पुलिस लाईन परेड़ ग्राउंड से रन फॉर यूनिटी मार्च को हरी झण्ड़ी दिखाकर रवाना किया। एकता मार्च पुलिस लाइन से प्रारंभ होकर कलेक्ट्रेट, डॉ. अम्बेडकर सर्किल, पुरानी ट्रक यूनियन होते हुए पुनः पुलिस लाइन में संपन्न हुआ। इस दौरान जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, विद्यार्थी, एनएसएस एवं एनसीसी कैडेट्स सहित बड़ी संख्या में नागरिकों ने जिला कलक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के साथ पूरे जोश व उत्साह से पैदल मार्च में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान जिला कलक्टर ने उपस्थित जनसमूह को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने लोगों के दिलों में एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना जगाकर हमेशा राष्ट्रीय एकता को सर्वोपरि रखा। उन्होंने जिस अदम्य साहस और दूरदर्शिता से देश की 562 रियासतों का एकीकरण किया, वह भारतीय इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है। उनके आदर्शों पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि है। इस दौरान जिला कलक्टर काना राम एवं पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार द्वारा पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में पौधारोपण भी किया गया।

जिला कलक्टर ने कहा कि ऐसे आयोजन राष्ट्रीय एकता, अखंडता और देशभक्ति की भावना को प्रबल करते हैं तथा युवाओं को सेवा और समर्पण का प्रेरणा स्रोत बनाते हैं। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार ने रिजर्व पुलिस लाइन में जवानों की संपर्क सभा आयोजित की। इसके साथ ही स्वास्थ्य जांच एवं रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार, मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुडानिया, अतिरिक्त जिला कलेक्टर संजय शर्मा, नगर परिषद आयुक्त देवेंद्र कुमार जिंदल, विकास अधिकारी जगदीश प्रसाद मीणा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## जयंती पर सरदार वल्लभ पटेल को याद किया

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)।** मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के प्रदेश संयोजक अबूबकर नकवी के नेतृत्व में टोंक जिला मुख्यालय पर बहीर के फूलबाग स्थिति बीड़ी कॉलोनी में सरदार वल्लभ पटेल की 150 वीं जयंती पर कार्यक्रम आयोजित कर याद किया, इस दौरान संयोजक नकवी ने बताया कि देश की आजादी के समय 960 से ज्यादा रियासतों को एक जुट करने का काम सरदार वल्लभ पटेल ने किया।

### एसआईआर : जिन वोटरों का नाम 22 साल पुरानी वोटर लिस्ट में है, उन्हें मान्य 12 दस्तावेजों में कोई भी प्रमाण नहीं देना होगा

# घर-घर होगी वोटर लिस्ट की जांच, बीएलओ करेंगे वेरिफाई,फर्जी नाम काटेंगे

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** 22 साल बाद शुरू हो रहे वोटर लिस्ट के विशेष गहन पुनरीक्षण में 2003 की लिस्ट के आधार पर बोगस और डुप्लीकेट वोटरों को खत्म किया जाएगा। बीएलओ घर-घर जाकर सत्यापन करेंगे। जो लोग कैलकुलेशन शीट नहीं भरेंगे, उनके नाम काट दिए जाएंगे।

जिला कलेक्टर कानाराम ने शुक्रवार को जिला कलेक्ट्रेट में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि एसआईआर के लिए वोटर लिस्ट को फ्रीज कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि 04 नवंबर से अब बीएलओ घर-घर जाएंगे। वे दो प्रतियों में कैलकुलेशन शीट को लोगों में बांटेंगे और उनकी ओर से भरे जाने पर एक शीट वापस ले लेंगे। जहां कैलकुलेशन शीट लेने वाले नहीं होंगे या कैलकुलेशन शीट वापस नहीं जमा होगी तो उनके नाम काट दिए जाएंगे। बता दें, 2003 की वोटर लिस्ट के आधार पर एसआईआर शुरू किया गया है।

जिन वोटरों का नाम 22 साल पुरानी वोटर लिस्ट में है, उन्हें मान्य 12 दस्तावेजों में कोई भी प्रमाण नहीं देना होगा। ऐसे वोटर 50 प्रतिशत से भी कम हैं। इसमें नए वोटर के पंजीकरण होंगे, जबकि पुराने रिकार्ड का डिजिटल सत्यापन भी होगा। इसमें बीएलओ घर-घर सत्यापन करेंगे तो बोगस वोटर बाहर हो जाएंगे। बता दें, सबसे अधिक बोगस वोटर शहरों में हैं, जबकि बेटी और बहूओं के नाम दो स्थानों पर होने की डुप्लीकेसी भी है। इसमें सभी वोटर के रिकॉर्ड का मिलान ऑल-इंडिया डेटाबेस से होगा। जिन वोटरों का नाम 2003 में जिस स्थान पर रहा, 2025 में उनका नाम कहीं और है तो एक स्थान पर उनका नाम कट जाएगा।

### डिजिटल सिस्टम से गलतियों पर रोक

उन्होंने बताया कि एसआईआर की सफलता के लिए जागरूकता कार्यक्रम भी किए जाएंगे। शिक्षण संस्थानों, ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों में युवाओं को वोटर बनाया जाएगा। इस बार निर्वाचन आयोग ने डिजिटल टूल्स का प्रयोग बढ़ाया है। एप आधारित मॉनिटरिंग सिस्टम से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि किसी मतदाता का नाम दो जगह न रहे। डेटा एंट्री से पहले हर एंट्री की ऑटो-वैलिडेशन होगी। भारत निर्वाचन आयोग ने बीएलओ को विशेष तकनीकी एक्सेस दिया है, जिससे वे मतदाता के नाम, जन्मतिथि और आधार संख्या के आधार पर पूरे देश के डेटाबेस से जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। इससे डुप्लीकेट वोटर बाहर जाएंगे।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने की भेंट



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा जी से जयपुर में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर सांसद मेवाड़ ने मुख्यमंत्री से राजसमंद संसदीय क्षेत्र में जनकल्याण, आधारभूत संरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं विकास कार्यों से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तृत एवं सार्थक चर्चा की। उन्होंने क्षेत्र की प्राथमिक आवश्यकताओं को भी रखा। इस दौरान राजसमंद संसदीय क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर भी दोनों जनप्रतिनिधियों के मध्य सार्थक चर्चा हुई।सांसद ने जयपुर प्रवास के दौरान प्रदेश के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री गजेंद्र सिंह खींवसर से भी मुलाक़ात कर संसदीय क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में स्वास्थ्य सुविधाओं की बेहतर पहुंच को लेकर विचार-विमर्श किया। साथ ही प्रदेश के कृषि मंत्री श्री किरोड़ी लाल मीणा से हाल ही में हुई अतिवृष्टि में फसल खराबे में समयबद्ध मुआवजा वितरण सहित अन्य विषयों पर चर्चा की।

## उत्कृष्ट नर्सिंग सेवाओं के लिए सिनियर नर्सिंग आंफिसर लक्ष्मी लाल सालवी का सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** महाराणा भूपाल चिकित्सालय उदयपुर के सीनियर नर्सिंग ऑफिसर लक्ष्मी लाल सालवी का उत्कृष्ट नर्सिंग सेवाओं एवं उत्तम व्यवहार के लिए राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन उदयपुर के जिलाध्यक्ष पवन कुमार दानाध्यक्ष व प्रवीण चरपोटा के नेतृत्व माला, उपरणा, पगड़ी पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। सम्भागीय अध्यक्ष नरेश पूर्बिया ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अधीक्षक डॉ आर एल सुमन, नर्सिंग अधीक्षक ओमप्रकाश पालीवाल व शारदा गरासिया, कार्यवाहक नर्सिंग अधीक्षक जितेंद्र भटनागर थे। विशिष्ट अतिथि कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत आमेटा, मुख्य संरक्षक रमेश मीणा, पूर्व अध्यक्ष सत्यवीर सिंह तंवर, सम्भागीय अध्यक्ष नरेश पूर्बिया थे। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष परमार ने किया। मुख्य अतिथि डॉ आर एल सुमन सहित सभी वक्ताओं ने लक्ष्मी लाल सालवी के कार्यों की बहुत सराहना की।

## डिजिटल साक्षरता महिलाओं को समाज में समान अवसर प्रदान करने की कुंजी

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (नि.स.) ।** महिला एवं बाल विकास विभाग की पहल पर



ग्रामीण महिलाओं और बालिकाओं के डिजिटल सशक्तिकरण की दिशा में एक सराहनीय कदम उठाते हुए कंप्यूटेक कंप्यूटर सेंटर, पावटा में शुक्रवार को नि:शुल्क आरएससीआईटी कंप्यूटर कोर्स का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शिक्षाविद् कमलेश शर्मा, कंप्यूटेक सेंटर निदेशक मुकेश कुमार सैनी, पत्रकार लक्ष्मी नारायण, जितेंद्र शर्मा, शिवचरण बंसल और सोनू शर्मा सहित अनेक गणमान्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर छात्राओं को नि:शुल्क अध्ययन सामग्री भी वितरित की गई ताकि प्रशिक्षण के दौरान उन्हें सुविधा मिल सके। कंप्यूटेक कंप्यूटर सेंटर के निदेशक मुकेश कुमार सैनी ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा दिसंबर माह में ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू की गई थी। पात्र महिलाओं और बालिकाओं का चयन कर अब उन्हें तीन माह का नि:शुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण में एमएस वर्ड, एमएस एक्सेल, एमएस पावरपॉइंट, इंटरनेट उपयोग और ऑफिस वर्क जैसे विषय शामिल हैं। इन डिजिटल कौशलों से महिलाएं रोजगार के नए अवसर प्राप्त कर घर से ही ऑनलाइन कार्यों में दक्ष होकर आत्मनिर्भर बन सकेंगी। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षाविद् कमलेश शर्मा ने कहा कि डिजिटल युग में कंप्यूटर शिक्षा महिलाओं के सशक्तिकरण का सबसे प्रभावी माध्यम है। वहीं पत्रकार लक्ष्मी नारायण ने अपने संबोधन में कहा कि सूचना क्रांति के दौर में डिजिटल साक्षरता ही महिलाओं को समाज में समान अवसर प्रदान करने की कुंजी है। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं और छात्राओं ने इस अवसर को अपने जीवन की नई शुरुआत बताते हुए आत्मविश्वास और प्रसन्नता व्यक्त की।

## बागेश्वर धाम के आह्वान पर बंशीलाल की एकल सनातन एकता पदयात्रा

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (नि.स.) ।** प्रागपुरा में एकल सनातन एकता पदयात्रा के लिए वृंदावन जा रहे युवक का अभिनन्दन किया गया। उल्लेखनीय है कि बंशीलाल गुर्जर पुत्र कालूराम गुर्जर, निवासी बरणी (तहसील भींडर), ने बागेश्वर धाम के आह्वान पर 18 अक्टूबर 2025 को उदयपुर से सनातन एकता पदयात्रा का शुभारंभ किया। विशेष बात यह है कि वे अकेले ही यह पदयात्रा कर रहे हैं। यह एकल यात्रा दिल्ली होते हुए वृंदावन तक जारी रहेगी। शुक्रवार को लगातार 13 दिन की पदयात्रा के पश्चात बंशीलाल गुर्जर पावटा उपखंड क्षेत्र में पहुंचे। इस अवसर पर प्रागपुरा थाना स्थित एन.एच. 48 पर हंशराज मातोरिया के नेतृत्व में ग्रामीणों ने उनका गरमजोशी से स्वागत एवं अभिनंदन किया। साथ ही पदयात्री के लिए अल्पाहार की व्यवस्था भी की गई। बंशीलाल गुर्जर की यह एकल पदयात्रा सनातन धर्म, एकता और आस्था का अदत उदाहरण प्रस्तुत कर रही है।

## 'जिसकी वजह से तू जेल गया उसे खून के आंसू रूलाएंगे'

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही (नि.स.)।** आबूरोड बस स्टैंड पर कांस्टेबल पर चाकू से हमला करने के आरोपियों को पकड़ने के बाद सोशल मीडिया पर अब पुलिस के खिलाफ ही धमकी वायरल हो रही है। सोशल मीडिया के एक पेज पर वायरल हो रही इस पोस्ट में हमले के आरोपियों को पकड़ने वाली टीम का फोटो है। फोटो में खड़े पुलिसकर्मियों पर लाल रंग से क्रॉस लगाया गया है। वहीं, आरोपियों को ताज पहनाया है।

# जनता जार-जार रो रही और जनप्रतिनिधि जीम रहे लड्डू

### ग्रामीणों ने सांसद, विधायक व प्रधान को लिया आड़े हाथ, प्रस्तावित खनन परियोजना को निरस्त कराए जाने की मांग

बढ़ता राजस्थान





**सिरोही (नि.स.)।** पिण्डवाड़ा क्षेत्र में प्रस्तावित खनन परियोजना को निरस्त कराए जाने की मांग कर रहे ग्रामीणों ने अजारी में धरना देकर विरोध-प्रदर्शन किया। गांव स्थित मार्कंडेश्वरधाम में भाजपा की ओर से आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस दौरान खनन परियोजना की जद में आ रहे चार ग्राम पंचायतों के सैकड़ों लोगों ने यहां आक्रोश प्रकट किया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि भाजपा से जुड़े सांसद लुम्बाराम चौधरी, विधायक समाराम गरासिया, प्रधान नितिन बंसल व जिलाध्यक्ष रक्षा भंडारी आदि ने उनकी सुध नहीं ली। भाजपा के इस कार्यक्रम में भी जनप्रतिनिधि चूरमा के लड्डू जीमते रहे और जनता जार-जार रोने को विवश है। विरोध-प्रदर्शन के दौरान भाजपा से जुड़े इन जनप्रतिनिधियों को ग्रामीणों ने आड़े हाथों लिया तथा जमकर खरी-खरी सुनाई। उधर, शुक्रवार को रोहिड़ा में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर का भी बहिष्कार किया गया।

**झंडा नहीं थामेंगे, अब डंडा लेकर आएंगे :** ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि प्रधान नितिन बंसल ने तो ग्रामीणों का ज्ञापन तक साइड में रख दिया था। लोगों ने खुले तौर पर कहा कि आप लोग हमारे ही वोटों से जीतकर आते हैं और हमारा ही शोषण किया जा रहा है। ग्रामीणों ने चेताया कि चुनाव के दौरान इस बार हम लोग आपके साथ पार्टी का झंडा लेकर नहीं बल्कि आपके पीछे डंडा लेकर चलेंगे।

**सांसद व विधायक को दिखाए काले झंडे :** प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों का घेराव किया तथा तल्ख सवाल किए। पूछा कि क्षेत्र में मैसर्स कमलेश मेटाकास्ट प्राइवेट लिमिटेड को करीब ८०० हैक्टेयर भूमि पर चूना पत्थर खनन परियोजना प्रस्तावित है, जिसके विरोध में जनता पिछले डेढ़ माह से आंदोलनरत है, लेकिन जनप्रतिनिधि उनके बीच क्यों नहीं पहुंचे। लोगों ने काले झंडे दिखाए तथा जमकर नारेबाजी की।

**भाजपा नेताओं को उल्टे पांव लौटना पड़ा :** इस दौरान ग्रामीणों की मांग पर भाजपा नेताओं ने आश्वस्त किया कि आप अपना प्रतिनिधि मंडल बनाइएं, हम लोग जल्द ही जयपुर जाकर मुख्यमंत्री से मुलाकात करेंगे तथा खनन परियोजना को निरस्त करवाने की मांग रखा जाएगी। लेकिन, ग्रामीणों ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जब तक लिखित में आदेश नहीं आते, तब तक आंदोलन जारी रखा जाएगा। इसके बाद भाजपा नेताओं को उल्टे पांव लौटना पड़ा।

## गांव में सक्रीयता के साथ विभागीय कार्यक्रमो एवं योजनाओ को घर-घर तक पहुंचाये

### देवगढ़ के लसानी सैक्टर की बैठक में सीएमएचओ ने दिये निर्देश



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** मौसमी बीमारियों की रोकथाम, परिवार कल्याण कार्यक्रम, गैर संचारी रोगो की रोकथाम तथा संभावित टी.बी रोगियों को चिन्हीत कर सेम्पल के लिये प्रेरीत करने के लिये आशा एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता निरंतर समुदाय में सक्रीय रहे तथा घर - घर संपर्क के दौरान सभी विभागीय योजनाओं के लक्षित वर्ग को लाभान्वित करें। यह निर्देश सीएमएचओ डॉ हेमन्त कुमार बिन्दल ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लसानी में आयोजित सैक्टर में भाग ले रही स्वास्थ्य कार्यकर्ता, सीएचओ एवं आशा सहयोगिनीयों को दिये।उन्होंने कहा कि आशा एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता के समुदाय में निरंतर सक्रीयता से मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं सहित अन्य विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन और विभागीय लक्ष्यो की प्राप्ती आसानी से हो सकेगी। उन्होंने प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत पात्र परिवारो के सदस्यो की शत प्रतिशत ई-केवाईसी करने के लिये निर्देशित किया। गैर संचारी रोगो की रोकथाम के लिये 30 वर्ष से अधिक उम्र के सभी व्यक्तियों की शत प्रतिशत स्क्रीनिंग करने तथा फॉलोअप करने के लिये निर्देशित किया।बैठक में जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ रामनिवास जाट ने संभावित टी.बी रोगियों के सेम्पल भिजवाने, सभी टी.बी रोगियों की जियो टेगिंग करने तथा टी.बी रोगियो को पोषण किट निश्चय मित्र के माध्यम से दिलवाने के लिये निर्देशित किया।बैठक में लसानी सैक्टर के सभी गांवो में विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं एवं कार्यक्रमो की समीक्षा की गई तथा लक्ष्य प्राप्त करने में आ रही चुनौतियो पर चर्चा कर समन्वय के साथ कार्य करने के लिये निर्देशित किया गया। बैठक में खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ लोकेश यादव, चिकित्सा अधिकारी प्रभारी लसानी सहित सभी स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं आशा उपस्थित थी।

## आखिर जिला प्रमुख को पूछना पड़ा कब सुधरेंगे सड़क के हालात

- रेवदर-मंडार मेगा हाईवे बदहाल स्थिति को लेकर लिखा पत्र
- बैठकों से नदारद रहे अधिकारियों पर भी कार्रवाई की मांग



रेवदर-मंडार मेगा हाईवे : मरम्मत तो क्या बैठकों को ही गंभीरता से नहीं ले रहे जिम्मेदार

जिला परिषद की लगातार दो बैठकों से गायब एनएच प्रतिनिधि

रेवदर-मंडार मेगा हाईवे का मुद्दा उठा तो नदारद थे प्रतिनिधि

इस मार्ग पर फेल हो रहे सरकार के डबल व ट्रिपल इंजन

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही (नि.स.)।** रेवदर-मंडार मेगा हाईवे बदहाल स्थिति को लेकर जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित ने सार्वजनिक निर्माण विभाग को पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने सडक़ मरम्मत सम्बंधी जानकारी मांगी है। साथ ही बैठक में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही के लिए भी लिखा गया है। जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित ने उपमुख्यमंत्री दीयाकुमारी, निर्माण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव प्रवीण गुप्ता व एनएचएआई के मुख्य अभियंता सतीशकुमार को पत्र लिखकर सिरोही से मंडार तक मेगा हाईवे की मरम्मत के लिए अब तक खर्च की गई राशि तथा अन्य जानकारी से अवगत करवाने के सम्बन्ध में पत्र भेजा है। इसमें लिखा है कि जिला परिषद की साधारण सभा की बैठकों में नेशनल हाईवे के अधिकारी लगातार नहीं आ रहे हैं, जिससे सदस्यों में गहरी नाराजगी है। सरकारी बैठकों में नहीं आना व फोन नहीं उठाना कार्य के प्रति गैर जिम्मेदाराना कृत्य बताते हुए सम्बंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही कर अवगत करवाने की बात कही है।

**कब तक गड्ढा विहीन होगा मेगा हाईवे :** उन्होंने इस मार्ग की मरम्मत के लिए नेशनल हाईवे खंड जोधपुर ने कितनी राशि कब खर्च की है इसकी जानकारी चाही है। साथ ही इस मेगा हाईवे को गड्ढों से कब तक मुक्त किया जा सकेगा इसकी सूचना आवश्यक रूप से भिजवाने की बात कही है। इस मार्ग के लिए नई डीपीआर बनाने के लिए वर्क ऑर्डर दिया गया है या नहीं और इसका एलाइनमेंट की ड्राइंग की सक्षम स्तर से अनुमोदित हुई या नहीं की जानकारी देने तथा यदि ड्राइंग अनुमोदित हुई हो तो ड्राइंग भिजवाने के लिए सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित करने की बात भी कही है।

### बढ़ता राजस्थान ने उठाया था मुद्दा

उल्लेखनीय है कि बढ़ता राजस्थान ने इस सम्बंध में सिलसिलेवार समाचार प्रकाशित किए हैं। इसमें बताया था कि इस मेगा हाईवे की मरम्मत के लिए सालभर पहले करीब पांच करोड़ रुपए की स्वीकृति मिल चुकी है, लेकिन महज कुछ जगह पेचवर्क कर इतिश्री कर ली गई। इस मार्ग पर सांसद व जिला प्रमुख भी रोज ही आवागमन करते हैं, लेकिन सुधार को लेरक ध्यान नहीं दिया जा रहा। समाचारों में बताया कि एनएच अधिकारी जिला परिषद की बैठकों को भी गंभीरता से नहीं ले रहे हैं।

### अंतर महाविद्यालय महिला और पुरुष कुश्ती प्रतियोगिता का उदघाटन

## 'मैने डीग में कुश्ती को बढ़ावा देने के लिए उपलब्ध कराए मेट'

बढ़ता राजस्थान

डीग (नि.स.)। मास्टर आदित्येन्द्र जी राजकीय महाविद्यालय डीग में आयोजित महाराजा सूरजमल विश्वविद्यालय कीअंतर-महाविद्यालयी महिला एवं पुरुष कुश्ती प्रतियोगिता का उदघाटन शुक्रवार को मुख्य अतिथि विधायक डॉ शैलेश सिंह द्वारा मां शारदे की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया। भारतीय जनता पार्टी की जिला अध्यक्ष शिवानी दायमा विशिष्ट अतिथि थी। अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दिलीप सिंह ने की। मुख्य अतिथि डॉ शैलेश सिंह ने इस दौरान अपने संबोधन में कहा कि उनके द्वारा डीग में कुश्ती का प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले खिलाडियों के लिए मैट उपलब्ध करवाया गया है । वह शीघ्र ही डीग जिला मुख्यालय पर एक स्पोर्ट्स कंपलेक्स एवं कुश्ती अकादमी खुलवाने के लिए प्रयासरत है ताकि इस क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को निखरने और आगे आने का मौका मिल सके।उन्होंने कहा कि डीग कुम्हेर में खेल सुविधाओं के विकास के लिए कोई कसर बाकी नहीं रखेंगे । उन्होंने सभी प्रतियोगियों से हार जीत के स्थान पर खेल की भावना से प्रतियोगिता में भाग लेने का आव्हान किया।इस अवसर पर भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष ललित तिवारी, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष राकेश गिरसै, गौरव सोनी, गोपाल शर्मा, महाविद्यालय विकास समिति के सदस्य जगदीश टकसालिया, खेमचंद कोली दाऊ दयाल नसवारिया आदि लोग मौजूद थे।




### रंग ला रही सुरों की मंडली की पहल

## उदयपुर में संगीत संग्रहालय की स्थापना को लेकर बढ़ रहे कदम -मुकेश माधवानी

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** झीलों की नगरी के संगीत प्रेमियों के लिए अच्छी खबर है। सुरों की मंडली की उदयपुर में संगीत संग्रहालय की स्थापना की मुहिम अब रंग लाने लगी है।

सुरों की मंडली के संस्थापक मुकेश माधवानी ने बताया कि मंडली के सदस्यों ने पर्यटन विभाग की उप निदेशक शिखा सक्सेना से मुलाकात कर शहर में संगीत संग्रहालय (म्यूजिक़ म्यूजिय़म) की स्थापना का प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

मुकेश माधवानी ने बताया कि इस प्रस्ताव का उद्देश्य उदयपुर की सदियों पुरानी संगीत की परंपरा को संरक्षित करना और नई पीढ़ी को संगीत की विविध विधाओं से जोडऩा है। यह संग्रहालय स्थानीय कलाकारों, संगीत विद्यार्थियों और शोधकर्ताओं के लिए प्रेरणा का केंद्र बनेगा।

पर्यटन विभाग की उप निदेशक शिखा सक्सेना ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि उदयपुर ही नहीं, पूरे राजस्थान में संगीत से संबंधित कोई समर्पित संग्रहालय नहीं है। यदि यह संग्रहालय बनता है, तो यह संगीत प्रेमियों के साथ-साथ पर्यटकों के लिए भी विशेष आकर्षण का केन्द्र बनेगा।

### राजस्थान के भरतपुर जिले की वैर का मूलनिवासी है परिवार

# शहीद के बेटे आदित्य शर्मा ने बढ़ाया देश का गौरव, ऑस्ट्रेलिया में हासिल की मास्टर ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी इन साइबर सिक्योरिटी की डिग्री



बढ़ता राजस्थान

**बयाना/भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** शहीद सुशील कुमार शर्मा के लघु पुत्र, जिसके जन्म दिवस 26/11 को उनकी ड्यूटी पर रहते हुए राष्ट्र हित में मुंबई सीएसटी स्टेशन पर शहादत हुई थी। शहीद सुशील कुमार शर्मा फाउंडेशन एवं शहीद सुशील के लघु पुत्र इंजी आदित्य के आंतरिक एवम् वाह्य जगत के साथ संघर्ष की जीवंत गाथा को बयां करता है , जिसमे विजय श्री की पताका फहरा रही है। एक ओर जहां फाउंडेशन देश के बालक_ बालिकाओं, युवाओं और नागरिकों को राष्ट्र सेवा और बहादुरी की भावना को बलवती बनाने में अग्रसर है वहीं दूसरी तरफ शहीद सुशील के पुत्र आदित्य ने उसके बारह वर्ष पूर्ण होने वाले जन्म दिवस 26/ 11/ 2008 पर निजी प्राथमिकता को ताक पर रख अपने पिता के राष्ट्र सेवा में जीवन उत्सर्ग को लेकर निरंतर आगे बढऩे का कार्य कर यह शीर्ष उपलब्धि हासिल की है किसी ने कहा है कि अपनी जिद पर आज भी हैं हम अड़े हुए, आंधी में भी जलता दिया लेकर खड़े हुए। अपने पिता के अभाव को भूलकर लगातार संघर्ष से बीटैक की डिग्री मुंबई यूनिवर्सिटी से लेकर एक वर्ष से अधिक आई टी कंपनी में मोरक्को में जॉब किया। कुछ धन अर्जित कर एवम् कुछ स्कॉलरशिप हासिल कर यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी सिडनी में कठिन प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर प्रवेश लिया और पढ़ाई के साथ अध्ययन करने व रहने के लिए सिडनी में पार्ट टाइम जॉब करते दिन रात लगभग दो वर्षों तक असीम परिश्रम किया और अंततः उक्त पोस्ट ग्रेजुएट उपाधि प्राप्त की। साथ में पर्थ, ऑस्ट्रेलिया में आई टी कंपनी में अपनी योग्यता से जॉब प्राप्त किया है। इस दीक्षांत समारोह में शामिल होने के लिए अपने ही बलबूते पर अपनी मां और इस समय अखिल भारतीय शहीद सुशील कुमार शर्मा फाउंडेशन की अध्यक्षा को ऑस्ट्रेलिया प्रवास पर आमंत्रित किया। इस फाउंडेशन द्वारा सर्व प्रिय इंजी आदित्य को हार्दिक बधाई और स्वर्णिम भविष्य हेतु शुभकामनाएं व हार्दिक बधाई और अध्यक्षा सुश्री रागिनी शर्मा को हार्दिक बधाई और उनके असीम साहस और संघर्ष के लिए साधुवाद है।

## सांसद मन्नालाल रावत का कपासन में भाजपा पदाधिकारियों ने किया स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**कपासन (सुनील कुमार डभाड़ीया)।** उदयपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद डॉ. मन्नालाल रावत का शुक्रवार को कपासन आगमन पर क्षेत्रीय भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा विधायक अर्जुनलाल जीनगर की अगुवाई में स्वागत किया गया। यहां कपासन विधानसभा स्तरीय आत्मनिर्भर भारत अभियान संकल्प के मुख्य वक्ता रूप में कपासन आगमन पर सांसद रावत का निवर्तमान भाजपा नगर कपासन मंडल अध्यक्ष पंकज सिरोया,नगर पालिका कपासन अध्यक्ष मंजू देवी सोनी,भाजपा एस सी मोर्चा जिला संयोजक भागीरथ चंदेल,ग्राम सेवा सहकारी समिति कपासन अध्यक्ष एवं पूर्व वरिष्ठ भाजपा नगर कपासन मंडल अध्यक्ष नंदकिशोर टेलर,समन्वय परिवार कपासन अध्यक्ष नंदकिशोर सोनी,पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष गजेंद्र बाघमार,महामंत्री अशोक विजयवर्गी,भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्ष शंभूलाल बागड़ा,पूर्व भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष एवं पंचायत समिति कपासन नेता प्रतिपक्ष शंभूलाल जाट आदि भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा द्वारा सांसद मन्नालाल रावत का दुपट्टा एवं माला पहनकर स्वागत अभिनंदन किया गया।

## सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर कपासन में रन फॉर यूनिटी का हुआ आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जन्म जयंती पर शुक्रवार को रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।जिसमें गुरुवार प्रात 6.30 बजे रेलवे स्टेशन कपासन से पुलिस वृताधिकारी कपासन हरजीलाल यादव एवं थानाधिकारी कपासन सुनील कुमार शर्मा द्वारा हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया गया ।उक्त रैली का राजमार्ग पर सांवरिया चौराहा पहुंचकर समापन किया गया। इस रैली में पुलिस थाना कपासन में कार्यरत पुलिसकर्मीयो सहित युवा वर्ग एवं बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक द्वारा उत्साहपूर्वक भाग लिया गया ।साथ ही रैली में शारीरिक शिक्षक उज्जवल दाधीच की अगुवाई में देशभक्ति से प्रेरित नारे लगाते हुवे समस्त धावक ने एकजुटता एवं उत्साह के साथ दौड़ लगाई ।इस मौके पर पुलिस वृताधिकारी हरजीलाल यादव ने सरदार वल्लभभाई पटेल के आदर्शों पर चलकर देश एवं समाज की सेवा करने हेतु युवा वर्ग को प्रेरित किया।

## तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के तहत जिलेभर में गूंजा तंबाकू निषेध का संदेश

### युवाओं व आमजन ने ली शपथ ,तंबाकू छोड़ो, जीवन जोड़ो का दिया संदेश

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के तहत शुक्रवार को जिलेभर में तंबाकू निषेध की गूंज सुनाई दी। विद्यालयों, कॉलेजों और चिकित्सा संस्थानों में आयोजित शपथ कार्यक्रमों के दौरान विद्यार्थियों, शिक्षकों, स्वास्थ्यकर्मियों और आमजन ने तंबाकू उत्पादों का सेवन न करने और दूसरों को भी इसके दुष्प्रभावों से बचाने का संकल्प लिया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रामकेश गुर्जर ने बताया कि टोबैको फ्री यूथ कैम्पेन 3.0 के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में आशा, एएनएम और स्वास्थ्य टीमों ने घर-घर जाकर जनजागरूकता गतिविधियाँ आयोजित कीं। इन दौरान लोगों को तंबाकू सेवन से होने वाले गंभीर स्वास्थ्य खतरों — जैसे कैंसर, हृदय रोग, फेफड़ों की बीमारियाँ और समयपूर्व मृत्यु — के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

डॉ. गुर्जर ने कहा कि तंबाकू का कोई भी रूप — बीड़ी, सिगरेट, गुटखा या खैनी — शरीर के लिए घातक है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे नशे से दूर रहकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं और समाज को तंबाकू मुक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। चिकित्सा संस्थानों में आने वाले मरीजों और परिजनों को तंबाकू छोड़ो, जीवन जोड़ो का संदेश देकर नशा त्यागने के लिए प्रेरित किया गया।

डिप्टी सीएमएचओ डॉ. प्रवीण झरवाल ने बताया कि युवाओं की भागीदारी से ही तंबाकू मुक्त समाज का सपना साकार हो सकता है। उन्होंने कहा कि यह अभियान 8 दिसंबर तक प्रदेशभर में चलेगा, जिसके अंतर्गत जागरूकता रैलियाँ, वाद-विवाद प्रतियोगिताएँ और स्वास्थ्य वार्ताएँ आयोजित की जाएँगी। अभियान का उद्देश्य राज्य के हर कोने को तंबाकू मुक्त बनाना और युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखकर एक स्वस्थ राजस्थान का निर्माण करना है।

## गुर्जर समाज ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन, लंबित मांगों के समाधान की उठाई आवाज



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा) ।** राजस्थान गुर्जर महासभा, जिला भीलवाड़ा की ओर से आज मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नाम जिला कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें एमबीसी वर्ग (गुर्जर सहित पाँच जातियों) से जुड़ी लंबित मांगों के शीघ्र समाधान की मांग की गई। महासभा के जिलाध्यक्ष शंकरलाल गुर्जर ने बताया कि ज्ञापन में मुख्य रूप से तीन मुद्दे उठाए गए हैं—पहला, गुर्जर सहित पाँच जातियों को मिले पाँच प्रतिशत आरक्षण को संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल किया जाए, आरक्षण आंदोलनों के दौरान दर्ज मुकदमों को वापस लिया जाए तथा भर्तियों में बैकलॉग व विसंगतियों का निवारण किया जाए। दूसरा, देवनारायण बोर्ड को पूर्ण स्वायत्तता व वित्तीय शक्तियाँ देकर एमबीसी वर्ग के सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक विकास हेतु योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की व्यवस्था की जाए। तीसरा, पुष्कर स्थित नागपहाड़ को श्री देवनारायण अतिशय क्षेत्र घोषित करते हुए वहाँ बगड़ावत सवाईभोज, साड़्?माता, श्री देवनारायणजी और गुरु रुपनाथजी के स्मारक बनाए जाएँ तथा पुष्कर घाटी से नागपहाड़ तक सडक़ निर्माण की स्वीकृति दी जाए। महासभा ने आग्रह किया कि मुख्यमंत्री इन मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेकर गुर्जर समाज में विश्वास और संतोष का संदेश प्रदान करें।

### राष्ट्रीय एकता दिवस पर डीग में गृह राज्य मंत्री बेढम के नेतृत्व में रन फॉर यूनिटी का आयोजन

# सभी युवा लौह पुरुष के सपनों का विकसित भारत बनाने में अपनी सक्रिय भागे दारी निभाए- जवाहर सिंह बेढम

बढ़ता राजस्थान

**डीग (नि.स.)।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर, शुक्रवार को एक भारत, श्रेष्ठ भारत के संकल्प के साथ रन फॉर यूनिटी के तहत शुक्रवार को गृह, गौपालन, पशुपालन, डेयरी तथा मत्स्य विभाग राज्य जवाहर सिंह बेढ़म, कामां विधायक सुश्री नौक्षम चौधरी, जिला कलेक्टर उत्सव कौशल एवं जिला पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश मीना के नेतृत्व में पुलिस लाइन से एकता मार्च निकाला गया। जिसे गृह राज्य मंत्री बेढम ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इससे पूर्व गृह राज्य मंत्री बेढ़म, कामांनौक्षम चौधरी, जिला कलेक्टर कौशल एवं जिला पुलिस अधीक्षक मीणा ने पुलिस लाइन में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया।

एकता मार्च पुलिस लाइन से शुरू होकर शहर के मुख्य बाजारों से गुजरा और ऐतिहासिक जल महल पर पहुंचा जहां सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर गृह राज्य मंत्री बेढ़म, विधायक चौधरी, जिला कलेक्टर कौशल एवं जिला पुलिस अधीक्षक मीणा ने श्रद्धा सुमन अर्पित भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने अपने संबोधन में कहा कि आज सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जन्म जयंती




और राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर पूरे देश में रन फॉर यूनिटी के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस आयोजन का उद्देश्य सरदार पटेल की अखंड भारत की सोच और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक भारत, श्रेष्ठ भारत व आत्मनिर्भर भारत के विचार को जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य नई पीढ़ी को साथ लेकर, आमजन की सहभागिता से विकसित भारत की संकल्पना को पूरा करना है। मैं ऐसे लौह पुरुष को नमन करता हूँ जिन्होंने परिवार से ऊपर उठकर देश की चिंता की।

बेढ़म ने विशेष रूप से युवाओं का आह्वान करते हुए कहा विश्व भर में भारत में युवाओं की संख्या सबसे ज्यादा है। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं के विकास और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए खेलो इंडिया, स्किल डेवलपमेंट जैसी योजनाओं के माध्यम से उनकी शक्ति बढ़ाकर भारत को सशक्त बनाने का संकल्प लिया है। उन्होंने युवाओं को स्पष्ट संदेश देते हुए आग्रह किया हमारे देश की युवा पीढ़ी व्यसनों को छोड़े, नशे की प्रवृत्ति से दूर रहे और भारतीय संस्कृति का अनुसरण करते हुए, बुजुर्गों का आशीर्वाद लेकर अपने सपनों को पूरा करे। राजस्थान सरकार और देश की सरकार आपके साथ खड़ी है।

इस एकता मार्च में स्थानीय युवाओं, पुलिस कार्मिकों, एन.सी.सी. कैडेट्स, भारत स्काउट व गाइड के स्वयं सेवकों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा सहयोगिनियों, महाविद्यालयों व विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, ए.एन.एम., सामाजिक कार्यकर्ताओं और सभी राजकीय विभागों के कार्मिकों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लेकर राष्ट्रीय एकता का सशक्त संदेश दिया। मंच संचालन उमेश चंद प्रजापति ने किया।

## एकता दिवस पर ‘रन फॉर यूनिटी’ मैराथन का आयोजन, गूंजा संदेश, एकता में ही शक्ति है

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा) ।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर शुक्रवार को जिले में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। शासन सचिव, युवा मामले एवं खेल विभाग, जयपुर के निर्देशन में जिला स्तर पर आयोजित इस अवसर पर रन फॉर यूनिटी मैराथन का आयोजन किया गया। जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देशानुसार कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 8 बजे पुलिस लाइंस से हरी झंडी दिखाकर किया गया।



मैराथन पुलिस लाइंस से प्रारंभ होकर ओवरब्रिज, अजमेर चौराहा, गायत्री आश्रम, सीमाराम जी की बावड़ी, सूचना केंद्र और बालाजी मार्केट होते हुए पुलिस कंट्रोल रूम पर समाप्त हुई। इस दौरान प्रतिभागियों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ दौड़ में भाग लेकर राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संदेश दिया। कार्यक्रम के समापन पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने उपस्थित जनसमूह को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई और सरदार पटेल के योगदान को याद करते हुए कहा कि भारत की शक्ति उसकी एकता और विविधता में निहित है।

मैराथन में भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठारी, जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू, जनप्रतिनिधि प्रशांत मेवाड़ा, नगर विकास न्यास सचिव ललित गोयल, एडिशनल एसपी पारस जैन, उपखंड अधिकारी अक्षत कुमार सिंह सहित अनेक अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, छात्र-छात्राएँ और शहरवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का वातावरण देशभक्ति और एकजुटता की भावना से ओतप्रोत रहा।

## ब्यावर का गौरव-लौह पुरुष एकता अवार्ड से सम्मानित हुए नरेश कुमार कनोजिया

### राष्ट्रीय एकता दिवस पर जयपुर में हुआ अंतरराष्ट्रीय समारोह, 25 देशों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में मिला सम्मान

बढ़ता राजस्थान

ब्यावर (अनिल सिखवाल)। भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती और राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर जयपुर में आयोजित संयुक्त राष्ट्र स्थापना दिवस समापन महोत्सव में ब्यावर (राजस्थान) के नगर परिषद के निर्वतमान सभापति नरेश कुमार कनोजिया को ‘लौह पुरुष एकता अवार्ड’से सम्मानित किया गया। यह सम्मान अंतर्राष्ट्रीय समरसता मंच एवं इंडो-नेपाल समरसता ऑर्गनाइजेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया।

कनोजिया को शिक्षा, चिकित्सा, न्याय, समाजसेवा, औद्योगिक सेवा और प्रशासनिक क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए यह सम्मान दिया गया सांस्कृतिक सचिव विवेक स्वामी ने बताया कि चयन समिति संयोजक हुकुम चंद गणेशिया (ग्लोबल चांसलर, रोमा इंटरनेशनल कल्चर यूनिवर्सिटी, नई दिल्ली) ने कनोजिया के अनवरत सेवा कार्यों और विकासोन्मुख दृष्टिकोण के आधार पर चयन किया।



हुकुम चंद करेसिया, ग्लोबल चांसलर, इंटरनेशनल रोमा कल्चर यूनिवर्सिटी, नई दिल्ली,विधायक गोपाल शर्मा (सिविल लाइन),निरंजन आर्य, पूर्व मुख्य सचिव, राजस्थान सरकार,एडवोकेट सुधांशु कासलीवाल, पूर्व अध्यक्ष, श्रमण संस्कृति बोर्ड,सविंद्र जीत सिंह, समाजसेवी,एडवोकेट कुलदीप शर्मा,निर्मल जैन, सदस्य, सडक़ परिवहन एवं राजमार्ग विभाग कार्यक्रम का संचालन और स्वागत डॉ. कुलदीप प्रसाद शर्मा (एडवोकेट, राजस्थान उच्च न्यायालय) ने किया। उन्होंने श्री कनोजिया का तिलक व वैज लगाकर अभिनंदन किया।

## गांधी एवं पटेल को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर विचारगोष्ठी का किया आयोजन



बढ़ता राजस्थान

कपासन (नि.स.)। पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि एवं पूर्व गृहमंत्री लौह पुरुष भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर शुक्रवार को नगर कांग्रेस कार्यालय कपासन में पुष्पांजलि अर्पित कर विचारगोष्ठी का आयोजन किया गया।

नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं अधिवक्ता पवन शर्मा ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि एवं पूर्व गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर कांग्रेस कार्यालय में पुष्पांजलि अर्पित की गयी।

इसके उपरांत विचारगोष्ठी का आयोजन किया गया ।जिसमे वक्ताओं द्वारा उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से गांधी एवं पटेल के पदचिन्हों पर चलकर देश एवं समाज की सेवा करने का आह्वान किया गया।

इस अवसर पर कांग्रेस जिला कोषाध्यक्ष सतीश नंदवाना,पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश चाष्टा,पूर्व नपा अध्यक्ष प्रमोद मोदी,कांग्रेस कार्यकर्ता प्रकाश व्यास, बबलू नंदवाना,अख्तर अली,पूर्व पार्षद शिवशंकर उपाध्याय,पूर्व नगर पालिका कपासन पार्षद अशरफ हुसैन,पूर्व प्रवक्ता पुखराज खाब्या,यू.कां. कार्यकर्ता

सत्यनारायण चोटिया,विजय बारेगामा,भेरूलाल बारेगामा,भावेश झवर आदि कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।कार्यक्रम का सफल संचालन कांग्रेस कला एवं सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के पूर्व जिलाध्यक्ष सत्यप्रकाश व्यास द्वारा किया गया।

### लौह पुरुष की जयंती पर एकता की गूंज,सरदार पटेल @150 एकता मार्च और शपथ समारोह संपन्न

## राष्ट्र की एकता के शिल्पी सरदार पटेल को श्रद्धांजलि,ब्यावर में निकला एकता मार्च

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** ब्यावर जिले में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती बड़े उत्साह एवं श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर सरदार ॠ150 - एकता मार्च का आयोजन जिला कलेक्ट्रेट परिसर से किया गया, जो अजमेरी गेट, मैन मार्केट, चांग गेट होते हुए पटेल स्कूल परिसर तक पहुंचा।



पटेल स्कूल पहुंचने पर लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर जिला कलेक्टर श्री कमल राम मीना एवं उपखंड अधिकारी दिव्यांश सिंह द्वारा माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके पश्चात मंच पर उपस्थित अधिकारियों एवं विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता शपथ तथा नशा मुक्त भारत शपथ दिलाई गई इस अवसर पर जिला कलेक्टर कमल राम मीना ने कहा कि सरदार पटेल ने अपने अदम्य साहस, दृढ़ इच्छाशक्ति और राष्ट्र के प्रति अटूट निष्ठा से भारत की एकता को साकार किया। उनके आदर्श आज भी हर भारतीय को देशहित में समर्पित रहने की प्रेरणा देते हैं मीना ने कहा कि सरदार पटेल केवल स्वतंत्र भारत के प्रथम गृह मंत्री ही नहीं, बल्कि भारत के भू-राजनीतिक एकीकरण के निर्माता थे।

उन्होंने जिस दूरदर्शिता, दृढ़ संकल्प और नेतृत्व क्षमता से देश के 562 रियासतों को एक सूत्र में पिरोया, वह विश्व इतिहास में अद्वितीय उदाहरण है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे सरदार पटेल के विचारों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान दें।उपखंड अधिकारी दिव्यांश सिंह ने कहा कि सरदार पटेल का जीवन त्याग, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा का प्रतीक है। युवाओं को उनके जीवन से सीख लेकर समाज में एकता, सद्भाव और नशामुक्ति के संदेश को आगे बढ़ाना चाहिए। एकता मार्च में आयुक्त नगर परिषद श्रवण राम, पुलिस अधीक्षक रतन सिंह, अतिरिक्त जिला कलेक्टर ब्रह्म लाल जाट, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूपेन्द्र सिंह सहित जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उत्साहपूर्वक शामिल हुए। पूरा वातावरण एक भारत, श्रेष्ठ भारत के नारों से गूंज उठा।

## आज खंडेलवाल ब्राह्मण समाज कपासन बिलोदा चौकी की बैठक

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** खण्डेलवाल ब्राह्मण समाज कपासन बिलोदा चौकी की बैठक का आज शनिवार सुबह 11:00 बजे खण्डेलवाल आश्रम शनिमहाराज आली में आयोजन होगा। खंडेलवाल समाज के प्रचार-प्रसार मंत्री सत्यनारायण खण्डेलवाल पांडोली स्टेशन ने बताया कि खंडेलवाल समाज की बैठक का शंकरलाल पिपलवा कूंथना की अध्यक्षता में आयोजन होगा ।जिसमें समाज की पूर्व में आयोजित हुई बैठकों के प्रस्तावों का अनुमोदन किया जायेगा ।साथ ही सामाजिक समस्याओं एवं उनके समाधान के लिए समाजजनों से सुझावों के साथ विस्तृत विचार-विमर्श किया जायेगा।

### सरदार पटेल की 150 वीं जयंती पर भाजपा ने मूर्ति स्थल पर चलाया स्वच्छता अभियान

# राष्ट्रीय एकता के सूत्रधार सरदार पटेल की मूर्ति शीघ्र होगी पुनर्स्थापित - मेवाड़ा

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा) ।** भारतीय जनता पार्टी जिला संगठन द्वारा लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाते हुए पटेल नगर स्थित मीरा सर्कल के पास सरदार पटेल के मूर्ति स्थल पर जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा के नेतृत्व एवं महापौर राकेश पाठक के सान्निध्य में स्वच्छता अभियान चला श्रद्धा सुमन अर्पित किये गए। इसी के साथ जिलाध्यक्ष मेवाड़ा ने जिला कलक्टर से फोन पर वार्ता कर काफी समय पूर्व असामाजिक तत्वों द्वारा वहां से सरदार पटेल की मूर्ति उठा ले जाने के बाद से जीर्ण शीर्ण अवस्था में पड़े स्थल पर मूर्ति पुनर्स्थापित करने के साथ ही चारदीवारी निर्माण एवं आकर्षक साज सज्जा कराए जाने का आग्रह किया जिसे स्वीकार करते हुए उन्होंने शीघ्र कार्यवाही की बात कही।



जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि सरदार पटेल की जयंती के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पीएम नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत अभियान से प्रेरणा लेकर सरदार पटेल के मूर्ति स्थल पर साफ सफाई कर उनके आदर्शों और सिद्धांतों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने कहा कि राष्ट्रीय एकता के सूत्रधार, स्वतंत्र भारत के प्रथम गृह मंत्री, भारत रत्न, लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के देश की अखंडता, एकता और संप्रभुता को सुदृढ़ करने में दिए गए अद्वितीय योगदान का राष्ट्र सदैव कृतज्ञ भाव से स्मरण करता रहेगा। महापौर राकेश पाठक ने कहा कि आधुनिक भारत के निर्माता कहे जाने वाले सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन मूल्यों को अपना कर ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की जा सकती है।

इस अवसर पर उपमहापौर रामलाल योगी, प्रहलाद त्रिपाठी, कुलदीप शर्मा, अशोक तलाइच, गोपाल तेली, ललित अग्रवाल, अंकुर बोरदिया, मनोज बुलानी, अनिल सिंह जादौन, भूपेंद्र सिंह, रागिनी गुप्ता, महेंद्र नायक, पूरण डीडवानिया, मुकेश सोनी, मुकेश चेचाणी, स्थानीय पार्षद प्रतिनिधि गजेंद्र सिंह, पार्षद नरेश जाट, पं अशोक शर्मा, जगदीश गुर्जर, पुनीत प्रताप सिंह, भगवती गुर्जर, थानसिंह चंदेल, विजय जयसवाल, दीपक पाराशर, महिपाल सिंह, संजय त्रिवेदी, अर्चित मूंदड़ा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सरकारी स्कूलों की स्थिति पर समग्र शिक्षा अभियान की रिपोर्ट ने बढ़ाई चिंता


# जिले में 694 विद्यालय जर्जर, 1835 कक्ष खस्ताहाल और 40 स्कूल असुरक्षित घोषित

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** जिले के सरकारी स्कूलों की स्थिति पर समग्र शिक्षा अभियान की रिपोर्ट ने चिंता बढ़ा दी है। हाल ही में जारी सर्वे रिपोर्ट के अनुसार जिले के 1153 सरकारी विद्यालयों में से 694 विद्यालयों के भवन किसी न किसी रूप में जर्जर पाए गए हैं, जबकि 40 विद्यालय पूरी तरह असुरक्षित घोषित किए गए हैं। रिपोर्ट में यह भी सामने आया कि जिले में कुल 1835 कक्षा-कक्ष जर्जर हैं, जिनमें कई भवन इतने पुराने हो चुके हैं कि कभी भी ढह सकते हैं। यह आंकड़ा बच्चों की सुरक्षा के लिहाज से गंभीर चिंता का विषय है। विभाग की ओर से कराई गई सर्वे रिपोर्ट के अनुसार बाड़ी ब्लॉक में सबसे अधिक 219 विद्यालयों का सर्वे किया गया, जिनमें से 10 भवन पूरी तरह जर्जर और 122 आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हैं।

वहीं, धौलपुर ब्लॉक में 237 स्कूलों में से 9 पूर्ण जर्जर और 136 आंशिक जर्जर भवन मिले। राजाखेड़ा ब्लॉक में 223 स्कूलों में 7 पूर्ण और 147 आंशिक जर्जर, जबकि बसेरी ब्लॉक में 3 पूर्ण और 84 आंशिक जर्जर भवन पाए गए। सरमथुरा ब्लॉक में 11 स्कूल भवन पूरी तरह जर्जर हैं, वहीं सैपऊ ब्लॉक में कोई पूर्ण जर्जर भवन नहीं, परंतु 74 भवन आंशिक रूप से क्षतिग्रस्तहैं। इसी प्रकार जिले में 887 कक्ष पट्टी की छत वाले और 3291 आरसीसी छत वाले हैं, जबकि 3838 कक्षों को मजबूत श्रेणी में रखा गया है। इसके बावजूद जर्जर भवनों की संख्या 1800 से अधिक है।

एसएमसी को दी निगरानी के निर्देश, जर्जर भवनों में नहीं हों कक्षाएं संचालित...



जिले में जर्जर स्कूल भवनों के सर्वे के बाद

जिला शिक्षा अधिकारी और परियोजना समन्वयक (समग्र शिक्षा) ने आदेश जारी कर सभी जर्जर भवनों को तुरंत उपयोग से बाहर करने और सुरक्षा घेरा बनाने के निर्देश दिए हैं। विभाग ने यह भी कहा है कि विद्यालय प्रबंधन समितियां संबंधित भवनों की स्थिति की निगरानी करें और किसी भी प्रकार की कक्षा गतिविधि इन भवनों में न कराएं। जिले के सरकारी स्कूलों में जर्जर हो चुकी इमारतों से बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए शिक्षा विभाग ने बड़ा कदम उठाया है।

विभागीय निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक ने धौलपुर ब्लॉक के 40 राजकीय विद्यालयों में बने 94 जर्जर कक्षा-कक्षों, 2 स्टोररूम और 6 शौचालयों को गिराने के आदेश जारी किए गए हैं। आदेश में कहा गया है कि विद्यालय प्रबंधन समितियां संबंधित स्कूल परिसरों में जर्जर कक्षों को तत्काल गिराकर परिसर को सुरक्षित करें, ताकि विद्यार्थियों और शिक्षकों की जान को खतरा न रहे। विद्यालयों को निर्देश दिए गए हैं कि कार्रवाई 7 दिनों के भीतर पूरी कर रिपोर्ट भेजी जाए। जिले में जर्जर स्कूल भवनों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों की मरम्मत के लिए जिले के 548 स्कूल भवनों के लिए 2-2 लाख एवं आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए 2.50 लाख रुपए से मरम्मत कार्य किया जाएगा। एडीपीसी जितेंद्र सिंह जादौन ने बताया कि चिन्हित स्कूल भावनों में से 548 में से 526 एवं आंगनबाड़ी केंद्र जो स्कूल भवनों में संचालित हो रहे है उनमें चिन्हित 186 में से 178 भवनों की मरम्मत एसडीआरएफ फंड से की जाएगी। इसके लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

## डॉ. गर्ग ने विधायक निधि से विकास कार्य के लिये 39 लाख रुपए किये स्वीकृत

### गांव बाघई की क्षतिग्रस्त सडकों का निरीक्षण डॉ. गर्ग ने विधायक निधि से बनवाने की घोषणा की



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** भरतपुर विधान सभा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में क्षतिग्रस्त सडकों व अन्य विकास कार्यों के लिये पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ सुभाष गर्ग ने विधायक निधि से करीब 39 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की है। डॉ. गर्ग ने शुक्रवार को जाटौली रथभान के गांव बाघई का दौरा कर विभिन्न गलियों का निरीक्षण कर शीघ्र ही खराब सडकों के निर्माण के लिये विधायक निधि से राशि स्वीकृत करने की घोषणा की। सडकों के निर्माण से जलभराव से परेशान हो रहे ग्रामीण लोगों को राहत मिलेगी और उनका आवागमन सुलभ हो सकेगा।

डॉ. गर्ग ने खैमरा ग्राम पंचायत के गांव भिरीगंज व खैमरा में साढे 5 लाख- साढे 5 लाख, इकरन में ग्राम पंचायत के गांव इकरन में 6 लाख, सुनारी ग्राम पंचायत के गांव सुनारी में करीब 5 लाख, सुनारी के ही नगला भगत गांव में भी 5 लाख रुपये तथा सुनारी के नगला बरताई गांव में 6 लाख रुपये की राशि सडकों के निर्माण के लिये मंजूर की है। डॉ. गर्ग द्वारा विकास के लिये स्वीकृत की गई राशि से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल है और विकास के लिये निरन्तर प्रयासरत डॉ. गर्ग के कार्यों को लेकर ग्रामीण उनकी प्रशंसा कर रहे है। वहीं डॉ. गर्ग ने शुक्रवार को जाटौली रथभान के गांव बाघई का दौरा कर विभिन्न गलियों का निरीक्षण कर शीघ्र ही खराब सडकों के निर्माण के लिये विधायक निधि से राशि स्वीकृत करने की घोषणा की।

## भरतपुर में रन फॉर यूनिटी में एसपी-कलेक्टर और आईजी भी दौड़े

### एकता, अखंडता और स्वच्छता की दिलाई शपथय कई विभागों के अधिकारियों ने लिया भाग



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी)।** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के मौके पर शुक्रवार को भरतपुर में रन फॉर यूनिटी दौड़ का आयोजन किया गया। आईजी कैलाशचंद विश्नोई, कलेक्टर कमर चौधरी और एसपी दिगंत आनंद ने हरी झंडी दिखाकर रन फॉर यूनिटी को रवाना किया। आईजी विश्नोई ने युवाओं को देश की एकता और अखंडता की शपथ दिलाई।

आईजी विश्नोई ने कहा कि, सरदार पटेल ने जिस अटूट भारत की परिकल्पना की थी। उसे साकार रखना हम सभी का कर्तव्य है। आईजी ने देश की एकता के लिए सरदार पटेल के आदर्शों को अपनाकर कर्तव्य पथ पर आगे बढने का आह्वान किया।

**कलेक्टर ने स्वच्छता की शपथ दिलाई :** जिला कलेक्टर ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता शपथ दिलाई और कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण का आधार है। स्वच्छता केवल सफाई कर्मियों या स्थानीय सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। हमें महात्मा गांधी के उस सपने को साकार करना है। जिसमें स्वच्छ, सशक्त और आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना की गई थी। रन फॉर यूनिटी बिजलीघर चौराहे से शुरू होकर कलेक्ट्रेट, यातायात चौराहा, मल्टीपरपज स्कूल, मानसिंह चौराहा होते हुए वापस बिजली घर चौराहा पर खत्म हुई। दौड़ में आईजी कैलाश विश्नोई, जिला कलक्टर कमर चौधरी, जिला पुलिस अधीक्षक दिगंत आनन्द सहित कई विभागों के अधिकारियों, पुलिस आरएसी के जवान, स्काउट, एनसीसी के विद्यार्थी , संगठनों के पदाधिकारी और आमजन ने भाग लिया।

## सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 के दौरान प्रतिज्ञा एवं रक्तदान शिविर का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी)।** मंडल कार्यालय, पंजाब नैशनल बैंक, भरतपुर द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 के अवसर पर कार्यालय के समस्त स्टाफ सदस्यों द्वारा मंडल प्रमुख प्रमोद कुमार एवं उप मंडल प्रमुख धर्मेन्द्र मीना की उपस्थिति में सतर्कता प्रतिज्ञा ली गई। इस अवसर पर सतर्कता-हमारी साझा जिम्मेदारी की थीम को ध्यान में रखते हुए सभी स्टाफ सदस्यों ने ईमानदारी, पारदर्शिता एवं नैतिक आचरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। सप्ताह के दौरान सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत एक रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर रक्तदान किया रक्तदान शिविर में योग्य चिकित्सकों की देखरेख में दाताओं की जाँच की गई तथा आवश्यक स्वास्थ्य मानकों का पालन किया गया। सप्ताह के दौरान मंडल कार्यालय, पंजाब नेशनल बैंक द्वारा अन्य और भी गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल सतर्कता के प्रति जागरूकता फैलाना था बल्कि समाज सेवा के प्रति सकारात्मक संदेश देना भी रहा।

## उमरेह और सहेड़ी में ग्रामीण सेवा शिविरों का हुआ आयोजन

### सहेड़ी शिविर में महीनो से परेशान बुजुर्ग महिला को हुई तत्काल विधवा पेंशन स्वीकृत

बढ़ता राजस्थान

बाड़ी (राजू शर्मा)। ग्रामीण सेवा सेवाओं का आयोजन शुक्रवार को बाड़ी पंचायत समिति की ग्राम पंचायत सहेड़ी और उमरेह में हुआ। सहेड़ी शिविर में एक महिला ने अपनी वृद्धावस्था विधवा पेंशन को लेकर अधिकारियों से प्रार्थना की। जिस पर तुरंत सुनवाई करते हुए महिला की विधवा पेंशन न केवल स्वीकृत कराई बल्कि उसका पत्र भी महिला को सोपा गया। नायब तहसीलदार उत्तमचंद बंसल ने बताया की सहेड़ी शिविर में शिविर में महिला जमुना देवी पत्नी रविदास निवासी कांसोटी खेड़ा ने विधवा पेंशन को लेकर प्रार्थना पत्र दिया था। नायब तहसीलदार ने तुरंत मामले को लेकर शिविर में मौजूद समाज कल्याण विभाग के अधिकारी अंकेश भारद्वाज और सूचना सहायक से मामले का निस्तारण करने के निर्देश दिए।

## राजाखेड़ा के आदर्श विद्या मंदिर में मनाया गया राष्ट्रीय एकता दिवस

### विद्यार्थियों ने पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



बढ़ता राजस्थान

**राजाखेड़ा (राजू शर्मा)।** माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर, राजाखेड़ा में शनिवार को राष्ट्रीय एकता दिवस एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती उत्साहपूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों और शिक्षकों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।कार्यक्रम की शुरुआत सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुई,जिसके पश्चात उनके विचारों और योगदान पर विचार-विमर्श किया गया।

वक्ताओं ने पटेल के जीवन से प्रेरणा लेते हुए राष्ट्रीय एकता, अनुशासन और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य करने का संकल्प लिया।विद्यालय के प्रमुख भामाशाह दिनेश अलापुरिया ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा के साथ-साथ हमें अपने आस-पास के पर्यावरण को स्वच्छ और संतुलित रखना चाहिए।स्वच्छ वातावरण ही स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मस्तिष्क का आधार है।इस अवसर पर विद्या भारती संस्थान जयपुर के प्रांत निरीक्षक अरुण कुमार दुबे एवं अलवर जिले के जिला सचिव सतीश शर्मा ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागृति से ही समाज प्रगति की ओर अग्रसर हो सकता है।कार्यक्रम में उपस्थिति अभी अतिथियों का विद्यालय प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार शर्मा,रामब्रज शर्मा,दिनेश शर्मा,ललित शर्मा,ज्ञानसिंह परमार,अशोक कुमार,बिहारी लाल,माखन सिंह,सूरज सिंह,हरेंद्र कुमार, रागिनी श्रीवास्तव,सुनीता सक्सेना,नीलम रॉय,अर्चना सिंह,रुचि शर्मा,क्षमा शर्मा सहित विद्यार्थी अन्य विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

### कार्तिक मास में धार्मिक आयोजन की धूम,अभय नवमी को हुई आंवले की पूजा

## खाटू श्याम नरेश के जन्मोत्सव पर निकली शोभायात्रा



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी(राजू शर्मा)।** शहर में कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की नवमी को अभय नवमी के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने आंवले के वृक्ष की पूजा-अर्चना की। वहीं,शहर में खाटूश्याम के जन्मोत्सव पर एक शोभायात्रा भी निकाली गई।

कार्तिक मास में धार्मिक आयोजनों का विशेष महत्व होता है। अभय नवमी के दिन सुबह से ही महिलाओं ने तालाबों और नदी किनारों पर सामूहिक स्नान कर विशेष पूजा-अर्चना की। दिन में आंवले के वृक्ष की परिक्रमा करते हुए पूजा की गई। बुजुर्ग महिला अतर देवी ने बताया कि कार्तिक महीने में महिलाएं व्रत रखकर परिवार की दीर्घायु और खुशहाली की कामना करती हैं। अभय नवमी पर आंवले के वृक्ष की पूजा का विशेष विधान है।

आचार्य खगेश सप्तनुज के अनुसार, कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष नवमी को अभय नवमी या अक्षय नवमी कहा जाता है। दूसरी ओर, शहर में खाटूश्याम के जन्मोत्सव पर खाटू श्याम सेवा समिति द्वारा एक शोभायात्रा का आयोजन किया गया। यह शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कृष्णा कॉलोनी पहुंची।कृष्णा कॉलोनी में खाटू नरेश की पूजा-अर्चना के बाद भोग प्रसादी का वितरण किया गया। खाटूश्याम सेवा समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि यह विशेष आयोजन खाटू नरेश के जन्मोत्सव पर किया गया है। शाम को कृष्णा कॉलोनी में भजन संध्या कार्यक्रम का भी आयोजन होगा।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने रन फॉर यूनिटी में लिया भाग



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी)।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जन्म जयंती पर आज भरतपुर जिले में रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें भाजपा जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा के नेतृत्व में अनेको भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। जिला अध्यक्ष शिवानी दायमा ने कहा कि रन फॉर यूनिटी केवल एक कार्यक्रम ही नहीं है बल्कि यह उस एकता भाईचारे और राष्ट्रीय भावना का प्रतीक है जिसे सरदार साहब ने अपने जीवन का उद्देश्य बनाया था इस कार्यक्रम में पूर्व प्रदेश मंत्री गिरधारी तिवारी,पूर्व जिला अध्यक्ष सत्येंद्र गोयल,पूर्व जिला उपाध्यक्ष गिरधारी गुप्ता,जिला उपाध्यक्ष मनोज खंडेलवाल,जिला मंत्री कुशलपाल राजावत,जिला प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी डॉ वीरेंद्र पचौरी,पूर्व मंत्री दिनेश भातरा, जिला संयोजक आई विभाग अनिल गोयल, जिला सहसंयोजक सुनील सहनावली,मंडल अध्यक्ष जीतू फौजदार,जीतू गणेश नगर,पवन कौन्तैय,कुलदीप पोसवाल,जयप्रकाश,लेखराज,प्रवीण,मनीष शर्मा, पवन सोनोठी आदि उपस्थित रहे।

## एसआईआर को लेकर निर्वाचन विभाग की तैयारी : एक ही दिन में उपखंड प्रशासन ने ली राजनीतिक दलों के साथ बीएलओ की बैठक

### विधानसभा में 40 नए बूथों का हुआ है गठन,अब 07 फरवरी के बाद संख्या होगी 301

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** राज्य चुनाव आयोग के निर्देश पर सभी जिलों के कलेक्टर्स और अन्य चुनाव से जुड़े विधानसभा लेवल के अधिकारियों द्वारा एसआईआर का कार्य किया जा रहा है। जिसके पूर्ण होने पर नवीन मतदाता सूचियों का प्रकाशन किया जाएगा। इसके तहत शुक्रवार को बाड़ी विधानसभा के सभी बीएलओ की एकदिवसीय ट्रेनिंग का आयोजन पंचायत समिति सभागार में किया गया। वहीं एसडीएम आफिस में राजनीतिक दलों के पदाधिकारी की बैठक ली गई।जिनको एसआईआर के बारे में जानकारी दी गई।

एसडीएम भगवत शरण त्यागी ने बताया की जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर श्रीनिधि बीटी के निर्देश पर एस आई आर का कार्य किया जा रहा है। यह कार्य 7 फरवरी तक चलेगा। जिसमें 9 दिसंबर को वोटर लिस्ट रोल का ड्राफ्ट प्रकाशन होगा। 9 दिसंबर से 8 जनवरी तक दावे, आपत्ति और परिवेदनाएं ली जाएगी। 7 फरवरी को अंतिम वोटर लिस्ट का प्रकाशन होगा। तहसीलदार मुकेश कुमार मीणा ने बताया कि एसआईआर को लेकर शुक्रवार को विधानसभा के बाड़ी और सैपऊ उपखंड की सभी बीएलओ की एक दिवसीय ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। पूर्व के 261 बूथों के साथ 40 नवीन बनने वाले बूथों के बीएलओ को यह ट्रेनिंग दो पारी में दी गई है। जिसमें उनको बताया गया की 2002 की वोटर लिस्ट को आधार मानकर मैपिंग की जा रही हैं। जिन मतदाताओं का नाम 2002 की वोटर लिस्ट से मैप हो जाएगा। उनसे किसी भी प्रकार का दस्तावेज नहीं लिया जाएगा। ट्रेनिंग के दौरान मास्टर ट्रेनर राजू खान के साथ चुनाव कार्यालय के कार्मिक राकेश शर्मा, अमर सिंह, सोनू शर्मा एवं अन्य मौजूद रहे।



राजनीतिक दलों की बैठक में एसडीएम ने सभी पॉलीटिकल पार्टी के पदाधिकारी को अवगत कराया कि एस ए आर में संशोधन के लिए मैपिंग का कार्य चल रहा है मैपिंग का कार्य पूरा होने के बाद बीएलओ घर-घर जाकर गणना प्रपत्र भरेंगे। जिसके लिए राजनीतिक पार्टियों के बीएलए बनाये जायेगे जो सम्बंधित क्षेत्र के बीएलओ का चुनाव कार्य मे सहयोग करेंगे।

बैठक में भाजपा की बाड़ी मंडल अध्यक्ष वंदना शिवहरे,नाजिया खां,कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष रामेंद्र मीणा,आप पार्टी के नरेंद्र कुमार,भाजपा बसई नवाब मंडल अध्यक्ष केजी तिवारी,बीएसपी के विधानसभा महासचिव अनार सिंह,जिला महासचिव रवींद्र तोमर एवं अन्य मौजूद रहे।

### बच्चे, वृद्धजन, गर्भवती महिलाएं एवं को-मोर्बिडिटी वाले व्यक्तियों का रखें ध्यान

# मौसम परिवर्तन, स्वास्थ्य का रखे विशेष ध्यान - डॉ. गौरव कपूर

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** बरसात का मौसम खत्म होते ही हल्की सर्दी या मौसम परिवर्तन होने के कारण खांसी, बुखार, जुकाम व गला खराब आदि लक्षणों के रोगियों की संख्या में वृद्धि हो जाती है। हल्की सर्दी, खांसी, बुखार, जुकाम व गला खराब के रोगी चिकित्सक की सलाह समय पर लेते हैं तो रोग के नियंत्रण पर प्रभावी व तत्काल काबू पाया जा सकता है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ गौरव कपूर ने बताया कि




हल्की सर्दी या मौसम परिवर्तन के समय विशेष सतर्कता एवं सावधानी बरतने की आवश्यकता होती है। इस मौसम में बच्चे, वृद्धजन, गर्भवती महिलाएं एवं को-मोर्बिडिटी वाले व्यक्तियों यथा डायबिटीज, कैंसर, हृदय रोग व अन्य गंभीर बीमारियों के रोगियों को सर्दी, खांसी, बुखार, जुकाम व गला खराब के लक्षण की स्थिति में सतर्क रहने व विशेष ध्यान रखते हुए तुरन्त चिकित्सक के अनुसार जांच व उपचार करवाये जाने की सलाह दी जाती है। क्यांकि उनमें रोग के गम्भीर होने की ज्यादा सम्भावना रहती है। चिकित्सक के परीक्षण उपरान्त रोगियों में सामान्य सर्दी, खांसी, बुखार, जुकाम व गला खराब के लक्षण की स्थिति में होम आईसोलेशन एवं उक्त लक्षणों के गम्भीर या लम्बी अवधि होने की स्थिति में अस्पताल में भर्ती होने की सलाह दी जाती है।ऽऐसे रोगियों जिन्हें सर्दी, खांसी, बुखार, जुकाम व गला खराब की तकलीफ है, उन्हें दूसरे लोगों से दूरी बनानी चाहिए और मास्क का उपयोग करना चाहिए एवं हाथों को आवश्यकतानुसार साबुन से धोना या सेनेटाईजर का उपयोग करना चाहिए।

## रखें विशेष सावधानी

डॉ0 कपूर ने बताया कि इस मौसम में बच्चों का विशेष ध्यान रखना चाहिए। हल्की सर्दी के मौसम में अपने और अपने बच्चों का ध्यान घर पर रखने के लिए आपको खास सावधानियाँ बरतनी चाहिए। इसके लिए गर्म कपड़े, संतुलित आहार, स्वच्छता और हल्की-फुल्की गतिविधियाँ बहुत जरूरी हैं। हल्के गर्म कपड़े पहनाएं सिर, हाथ और पैर ढककर रखें ताकि शरीर की गर्मी सुरक्षित रहे। "संतुलित आहार मौसमी फल-सब्जियाँ सूप, दलिया, उबले अंडे, और हल्दी वाला दूध दें। नियमित रूप से साबुन से हाथ धोने की आदत डालें और साफ-सुथरे परिवेश में रखें, हल्की एक्सरसाइज या योग एवं ताजी हवा में थोड़ी देर टहलें, ताकि बच्चे सक्रिय रहें। छींक या खाँसी करते समय मुंह ढकना सिखाएँ, ताकि संक्रमण न फैले। अगर बच्चों को तेज बुखार, लगातार खाँसी या सांस लेने में परेशानी हो, तो डॉक्टर की सलाह जरूर लें एवं समय-समय पर स्वास्थ्य जांच भी करवाते रहें। इन छोटे-छोटे उपायों से आप सर्दी के मौसम में अपने परिवार और बच्चों को घर पर सुरक्षित और स्वस्थ रख सकते हैं।

## बानसूर वृत्त क्षेत्र के पुलिस थाना नारायणपुर की बड़ी कार्यवाही

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर (धीरज मौर्य)।** कोटपूतली बहरोड़ जिले के वृत्त बानसूर के थाना नारायणपुर पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए 19माह से फरार चल रहे वांछित मुल्जिम़ानों को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार विश्नोई ने बताया कि राहुल प्रकाश पुलिस महानिरीक्षक रेंज जयपुर के आदेशानुसार वांछित अपराधियों की धर -पकड़ के लिए अभियान चलाया हुआ है। उन्होंने ने बताया कि उनके आदेशानुसार समस्त थानाधिकारीयों को निर्देश दिए गए हैं कि उक्त आदेश की पालना सुनिश्चित हो। विश्नोई ने बताया कि इस अभियान में अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा के सुपरविजन में व बानसूर वृतांधिकारी दशरथसिंह के निर्देशन में नारायणपुर थानाधिकारी रोहिताश कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था। टीम ने कार्यवाही करते हुए मुल्जिम़ मुकेश गुर्जर पुत्र नेतराम गुर्जर आयु 25साल निवासी ख़ातीवास की ढाणी, तन खरखड़ी थाना नारायणपुर, महावीर प्रसाद पुत्र लीलाराम आयु 27साल जाति गुर्जर निवासी गोयड़ा की ढाणी तन खरखड़ी थाना नारायणपुर को गिरफ्तार किया है।वहीं विश्नोई ने बताया कि घटना का विवरण इस प्रकार है-सरकारी कर्मचारी से मारपीट के साथ राजकार्य में बाधा उत्पन्न करने सहित पुलिस के साथ मारपीट करना अनुसन्धान में पाया गया।

## महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय खेरली सैयद, अलवर का स्टाफ बना भामाशाह



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** व्याख्याता विजय लक्ष्मी ने बताया कि एमजीजीएस खेड़ली सैयद में आज प्रथम 'श्री कृष्ण भोग' का आयोजन मेगा पी टी एम के अवसर पर किया गया। समस्त स्टाफ के द्वारा विद्यालय के कक्षा 1 से 12 के समस्त विद्यार्थियों एवं उपस्थित अभिभावकों के लिए खीर, पूड़ी एवं सब्जी के भोज का आयोजन किया गया। इस आयोजन में प्रधानाचार्य मोहनलाल बैरवा,योगेश शर्मा, शिवराम, बने सिंह, केदार प्रसाद, गुलशन,मोहन सिंह, मनोज, रितेश, मोनिका, गजानंद,कविता,रामा,मीना एवं विवेक उपस्थित थे।

## सरदार पटेल की जयन्ती और इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** नगर पालिका क्षेत्र स्थित तहसील के सामने राजीव गाँधी पंचायत राज संगठन की ओर से केन्द्रीय पूर्व गृहमंत्री लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती तथा पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी की पुण्यतिथि मनाई गईं। इस मौके पर राजीव गाँधी पंचायत राज संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष अजय यादव गुरूजी के नेतृत्व में श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गईं। इस मौके पर गुरूजी ने कहा कि वे दोनों ही महापुरुष हम भारतीयों के लिए गौरव थे जिन्होंने हमें एकता के सूत्र में पिरोए रखा। उनके कार्यकाल में दुनिया उनका लोहा मानती थी।

वहीं कांग्रेस के युवा नेता रजनीश पुरोहित ने दोनों ही महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि उनकी कार्यशैली पूर्व में भी प्रसन्नसनीय थी और आज भी है। इस मौके पर रामपुर के पूर्व सरपंच व जिला पार्षद प्रतिनिधि रामावतार मीणा, एडवोकेट राकेश कुमार यादव सहित कांग्रेस कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय एकता दिवस पर मेगा पीटीएम तथा कृष्ण भोग कार्यक्रम का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ (अलवर)।** राजगढ़ ब्लॉक के 219 राजकीय विद्यालयों में शुक्रवार को शिक्षा विभाग के दिशा-निर्देश अनुसार संचालित कार्यक्रम प्रखर राजस्थान 2.0 के अंतर्गत मेगा पीटीएम तथा कृष्ण भोग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लीलावती मीना ने बताया कि मेगा पीटीएम में अभिभावकों से विद्यार्थियों की प्रगति पर चर्चा की गई। इस दौरान राष्ट्रीय एकता दिवस पर बच्चों को शपथ दिलाई गई। वहीं इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। वहीं राजगढ़ उपखंड क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गोवर्धनपुरा में मेगा पीटीएम तथा कृष्ण भोग का आयोजन हुआ। प्रधानाचार्या रेणु शर्मा ने बताया कि इस दौरान अनेक गतिविधियों का आयोजन किया गया। वहीं जननायक बिरसा मुंडा पर निबंध व चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस दौरान हिंदुस्तान स्काउट एवं गाइड जिला उपाध्यक्ष कृष्ण अवतार शर्मा ने छात्र-छात्राओं को अपने जीवन में अनुशासित व कर्तव्य के प्रति समर्पित रहने का आग्रह किया। इस दौरान जितेंद्र कुमार कक्कड़, दीनदयाल देवतवाल, सपना हिंदुस्तानी, विजय मेठी, विजय मेठी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। वहीं उपखंड क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नीमला में अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उपप्रधानाचार्य दीनदयाल शर्मा ने अभिभावकों के साथ विद्यार्थियों के विकास तथा अध्ययन के बारे में जानकारी साझा की गई।

उन्होंने कहा कि पीटीएम के माध्यम से शिक्षकों तथा अभिभावकों के बीच एक सशक्त संवाद स्थापित होता है। उन्होंने विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रदर्शन, व्यवहार तथा बच्चों के सामने आने वाली प्रमुख चुनौतियों पर अभिभावकों के साथ खुली चर्चा की। इस दौरान बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

### निरंकार से जुडक़र ही हो पाएगा आत्म मंथन

# आत्म मंथन की दिव्या झलक दिखाते हुए 78 में वार्षिक निरंकारी संत समागम का भव्य शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** आत्म मंथन एक भीतर की यात्रा है इसे केवल चंचल मन और बुद्धि के स्तर से नहीं तय किया जा सकता इसके लिए अपने अंदर आध्यात्मिक रूप में मंथन करने की जरूरत है यह उद्‌गार सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने 31 अक्टूबर से 3 नवंबर तक चलने वाले 78वें वार्षिक निरंकारी संत समागम के पहले दिन मानवता के नाम अपना पवन संदेश प्रसारित करते हुए व्यक्त किया। सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं आदरणीय निरंकारी राज पिताजी के पावन छत्र छाया में आयोजित हो रहा है।

सदगुरु माताजी ने अपनी बात को स्पष्ट करते हुए कहा कि हर मानव के अंदर और बाहर एक सत्य निवास करता है जो स्थिर और शाश्वत है इसी सत्य को पहले जानना होगा जब मनुष्य को हर किसी के अंदर इस सत्य का दर्शन होगा तो फिर उसके मन में सबके प्रति प्रेम का भाव उत्पन्न होगा वास्तव में परमात्मा ने मनुष्य को इस तरह ही बनाया है जिससे उसके मन में प्रेम भाव की प्राथमिकता हो लेकिन अज्ञानता के कारण मनुष्य एक दूसरे से नफरत करने के कारण ढूंढ लेता है । अंत में सतगुरु माता जी ने पूरे संसार के लिए यही प्रार्थना की कि मनुष्य मानवता की राह पर चले, अंदर से खुद का सुधार करते हुए जाए ताकि सुधार का दायरा बढ़ाते हुए पूरे संसार में सुधार हो सके जिससे संसार में अमन एवं भाईचारे का वातावरण स्थापित हो सके। इससे पूर्व समागम स्थल पर आगमन होते ही सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज का स्वागत संत निरंकारी मंडल के प्रधान श्रीमती राजकुमारी जी ने फूलों की माला पहनकर और मंडल की सचिव डॉक्टर प्रवीण खुल्लर जी ने फूलों का गुलदस्ता भेंट करके किया जबकि आदरणीय निरंकारी राजापिता रमित जी का स्वागत संत निरंकारी मंडल के सीनियर एग्जीक्यूटिव मेंबर अशोक मनचंदा जी ने फूलों की माला पहनकर और विदेश विभाग के मेंबर इंचार्ज श्री विनोद बोहरा जी ने फूलों का गुलदस्ता भेंट करके किया। यहां पहुंचते ही सतगुरु माता जी एवं आदरणीय निरंकारी रात पिताजी का स्वागत निरंकारी इंस्टीट्यूट आफ म्यूजिक एंड आर्ट्स की 2500 से भी अधिक छात्रों ने भरतनाट्यम एवं स्वागत गीत द्वारा किया ।दिव्य युगल का सानिध्य पाकर पंडाल में उपस्थित श्रद्धालु भक्तों की नयनो से आनंद की धारा प्रकट हो रही थी। दिव्यता का यह अनुपम नजर प्रेम भक्ति की अनुभूति से सरबोर हो रहा था विभिन्न संस्कृतियों के भक्त अपनी जाति ,धर्म ,भाषा को भूलाकर केवल प्रेम भक्ति में सराबोर थे।

### रेजांगला रज कलश यात्रा का जगह -जगह हुआ स्वागत

## यह कलश यात्रा नहीं बल्कि वीर शहीदों का देश भ्रमण है-यादव

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर (धीरज मौर्य)।** रेजांगला में शहीद हुए वीर शहीदों की याद में रज कलश यात्रा निकली। जिसका नेतृत्व अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष महेन्द्र यादव ने किया। रज कलश यात्रा का विधानसभा क्षेत्र में जगह-जगह यादव समाज के गणमान्य लोगों द्वारा स्वागत किया गया और पुष्पवर्षा की गईं। यात्रा नगर पालिका क्षेत्र स्थित यादव समाज छात्रावास जैसे ही पहुँची उपस्थित लोगों वीर शहीदों के जयकारे लगाते हुए अमर रहें-अमर रहें के नारों से आसमान गुंजाईमान हो गया। इस मौके पर बोलते हुए भाजपा नेता महेन्द्र यादव ने कहा कि यह वीर शहीदों के सम्मान में रज कलश यात्रा नहीं बल्कि समाज के सम्मान में वीर शहीदों का देश भ्रमण है। जो हमसे पूछ रहे हैं कि आपने क्या किया? जब सब जातियों के नाम से रेजिमेंट बनी हुई हैं तो अहीर जाति की रेजिमेंट का गठन अब तक क्यों नहीं हुआ? हम भारत सरकार से मांग करते हैं कि अहीर रेजिमेंट का गठन करे तभी अहीर जाति के वीर शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। यादव ने कहा कि देश की एकता और अखण्डता के लिए मातृभूमि के लिए दुश्मन की भारी भरकम सेना से लौहा लेते हुए वीर गति को प्राप्त हो गए पर भारत माता को अखण्ड बनाए रखा !इस मौके पर उपस्थित लोगों ने वीर शहीदों के रज कलश को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी और शपथ ली कि जब तक अहीर रेजिमेंट का गठन नहीं हो जाएगा शान्ति से नहीं बैठेंगे और शहीदों को सम्मान दिलाकर रहेंगे।

## राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर राउमावि ठेंगी का बास में मेगा पीटीएम का आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर भारत के एकता के पहरी ,अखंड राष्ट्र के शिल्पकार एवं महान स्वतंत्रता सेनानी भारत रतन लोह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर उनके जीवन और योगदान के बारे में बताते हुए राष्ट्रीय एकता शपथ दिलाई गई।

इस अवसर पर मेगा पेटीएम में आने वाले अभिभावकों को उनके बच्चों की शैक्षिक प्रगति तथा प्रखर राजस्थान अभियान अंतर्गत रीडिंग स्तर की प्रगति के बारे में अवगत कराया गया ।

सभी अभिभावक व उनके बच्चे इस कार्यक्रम से उत्साहित नजर आए तथा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पारितोषित भी दिए गए । इस अवसर पर बुनियादी साक्षरता व संख्या ज्ञान लक्ष्य पर विमर्श, विविधता में एकता एवं नैतिक मूल्यों का संचार ,बाल विवाह/बाल श्रम पर जागरूकता ,बाल संसद / मेरा अधिकार ,लोक संस्कृति एवं सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन से जुड़े प्रसंगों पर भी प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम को विशेष बनाने में शाला परिवार की अनुराधा शर्मा, सरिता शर्मा, कमोद मीना, चारू शर्मा, रीटा बैरवा , राकेश कुमार व एसडीएमसी/ एसएमसी सदस्यो का विशेष योगदान रहा तथा सभी सदस्यों ने विद्यालय के समस्त स्टाफ की प्रशंसा की।

## नेक कमाई फाउंडेशन फिर आया आगे, बेटी की शादी के लिए की मदद



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** देवउठनी एकादशी पर नेकी का साथ अलवर शहर में एक परिवार की बेटी की शादी थी,लेकिन घर में आवश्यक सामान उपलब्ध नहीं था। सूचना मिलते ही नेक कमाई फाउंडेशन और डॉ. गोपाल रॉय चौधरी ट्रस्ट द्वारा चलाए जा रहे कन्यादान कार्यक्रम के अंतर्गत कन्यादान का सामान दिया गया। इस दौरान संरक्षक दौलत राम हजरती,मुख्य कोऑर्डिनेटर अभिषेक तनेजा, कार्यक्रम संयोजक रेखा महलावत, खुशी ,कांता सैनी और नितिन भारतीय उपस्थित रहे। साथ ही कॉमर्स कॉलेज के प्रिंसिपलडा. सत्यभान यादव और राजेन्द्र गुप्ता (डेयरी वाले) की ओर से कन्यादान किया गया।

## नशा मुक्ति पर व्याख्यानमाला का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान




**राजगढ़(अलवर)।** शहर के राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजगढ़ के नई किरण - नशा मुक्ति केंद्र के तत्वाधान में नशा -पान से होने वाले स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव विषय पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रोफेसर के. एल. मीना ने छात्रों को नशे से दूर रहने की बात कहते हुए जीवन को उच्च मूल्यवान बनाए रखने की अपील की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉक्टर विपिन कुमार शर्मा, चिकित्सा अधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ ने नशे से उत्पन्न होने वाली परिस्थितियों एवं बीमारियों की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि नशा करने वाला व्यक्ति हताशा एवं विषाद का शिकार हो जाता है। उसे कैंसर दमा जैसे रोग जकड़ लेते हैं। और अपनी लत की वजह से वह चोरी जैसे अपराध कर अपराधी भी बन जाता है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए केंद्र के संयोजक डॉ. चिरंजी लाल रैगर ने पब्लियस साइरस एवं मिल्टन के कथनों को उद्धारित करते हुए कहा कि आज तक हमारी पृथ्वी पर समुद्र की अपेक्षा शराब ने मानवों को अधिक डुबाया है। साथ ही कहा कि संसार की सारी सेनाएं मिलकर भी इतनी मानवों एवं संपत्ति को नष्ट नहीं करती जितनी शराब पीने की लत। केंद्र की सह-संयोजक प्रोफेसर संरचना जैन ने नशा मुक्ति युवा अभियान के टोल फ्री नंबर 14446 एवं 1933 के बारे में विस्तृत जानकारी दी एवं अंत में धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में डॉ. पी एम मीना, डॉ. प्रकाश चन्द मीना, डॉ. देशराज वर्मा, डॉ. आंचल मीना, डॉ. रजनी मीना, डॉ. कपिल देव, डॉ. संजय कुमार बामनावत, डॉ. अनिल कुमार शर्मा, डॉ. मनीष मीना, डॉ. योगेंद्र सिंह सेहरा, डॉ भगत सिंह, डॉ. गिरधारी लाल मीना, डॉ. शिव शर्मा, डॉ. अशोक मीना, डॉ. टीकम चन्द मीना, डॉ. आयुषी गुप्ता, डॉ. गजेंद्र महावर आदि आचार्यगण एवं बड़ी संख्या में महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रही। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य प्रोफेसर के. एल. मीना ने नशा मुक्ति की शपथ दिलाई।

### अतिरिक्त जिला कलक्टर ने उप तहसील कार्यालय एवं पुलिस थाना, हरसौरा का किया निरीक्षण

## संवेदनशीलता के साथ आमजन के परीवादों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करें : सहारण

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर(धीरज मौर्य)।** जिला कलक्टर ओमप्रकाश सहारण ने शुक्रवार को उप तहसील कार्यालय हरसौरा और पुलिस थाना हरसौरा का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

उन्होंने उप तहसीलदार पवनेश शर्मा से कार्यालय की विभिन्न व्यवस्थाओं एवं अनुभागों की जानकारी लेते हुए संधारित दस्तावेजों और रजिस्टरों की जांच की एवं आवश्यक निर्देश प्रदान किए।एडीएम ने कार्यालय निरिक्षण के दौरान लंबित पंजीयन, राजस्व संबंधी प्रकरण, एल आर, म्यूटेशन, पत्थरगढ़ी, सीमाज्ञान, रास्ते प्रकरण, 90 ए, कुर्रेजात एवं विभाजन के प्रकरणों पर की गई कार्यवाही की समीक्षा करते हुए कहा कि आमजन को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और सभी कार्य समयबद्ध तरीके से पूर्ण हो. उन्होंने अन्य विभागीय कार्य पूर्ण करते हुए पोर्टल पर अपडेट करने, कार्यालय पत्राचार पूर्ण रूप से ई-फाइलिंग के माध्यम से करने, सीएमओ, संपर्क पोर्टल, जनसुनवाई में प्राप्त परिवेदनाओं का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करने एवं कार्यालय में आग्नतुकों व आमजन से संवेदनापूर्ण व्यवहार करने के निर्देश दिए।एडीएम ने उप तहसील के विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि कार्यालय में दूर दराज से आने वाले लोगों को अनावश्यक चक्कर न काटने पड़ें और उनके कार्यों का शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने पुलिस थाना हरसौरा का निरीक्षण करते हुए अपराध रजिस्टर का निरीक्षण किया और ऑनलाइन ऑफलाइन उपलब्ध करवाई जा रही सेवाओं की जानकारी ली।

उन्होंने थाने के सभी अनुभागों का जायजा लेते हुए रोजनामचा आम, प्रथम सूचना रजिस्टर, निरोधात्मक कार्यवाही रजिस्टर, गिरफ्तारी रजिस्टर की गहनता से जांच कर थाना कार्यालय में लंबित मामलों और शिकायत पंजिका की जांच की।इस दौरान उप तहसीलदार पवनेश शर्मा सहित थानाधिकारी प्रकाश सिंह राठौड़ सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 4 विकेट से हराया, सीरीज में 1-0 की बनाई बढ़त



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टी20 मैच में भारतीय टीम को हार का सामना करना पड़ा. खराब बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजी में भी टीम इंडिया ने निराश किया और मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में खेले गए मैच को 4 विकेट से गंवा दिया. इस जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने पांच मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है. बता दें, सीरीज का पहला मैच बारिश के कारण धुल गया था। 126 रन के मामूली लक्ष्य को हासिल करने उतरी ऑस्ट्रेलिया को कप्तान मिशेल मार्श और ट्रेविस हेड ने तेज और मजबूत शुरुआत दी. दोनों ने 4.3 ओवर में पहले विकेट के लिए 51 रन जोड़े. हेड 15 गेंद पर 3 चौके और 1 छक्के की मदद से 28 रन बनाकर आउट हुए. मार्श ने दूसरे विकेट के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज जोश इंग्लिस के साथ 36 रन की साझेदारी की। हर्षित राणा ने 33 गेंद पर 35 रन की पारी खेली. राणा ने 3 चौके और 1 छक्का लगाया. इन दोनों के अलावा कोई भी खिलाड़ी दो अंकों में नहीं जा सका. ऑस्ट्रेलिया के लिए जोश हेजलवुड ने शानदार गेंदबाजी की. हेजलवुड ने 4 ओवर में 13 रन देकर 3 विकेट लिए. जेवियर बार्टलेट ने 2, नाथ एलिस ने 2, जबकि मार्क्स स्टॉयनिस ने 1 विकेट लिए।

## हवाई सफर में आया कार्डिएक अरेस्ट, देवदूत बनीं नर्सें; बचाई यात्री की जान

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कोच्चि से अबू धाबी जा रहे एक विमान में सवार केरल की दो नर्सों ने अपने एक सहयात्री की जान बचा ली। दरअसल, विमान के उड़ने के 20 मिनट बाद ही एक शख्स को दिल का दौरा पड़ गया। एयर अरेबिया की उड़ान संख्या 3L128 से यूएई में अपनी नई नौकरी ज्वाइन करने जा रहे अभिजीत जीस और अजीश नेल्सन की नजर उस शख्स पर पड़ी। उसे सांस लेने में तकलीफ हो रही थी। शक होने पर दोनों मदद को पहुंचे। उन्होंने दो बार सीपीआर दिया, जिससे यात्री की हालत स्थिर हुई। अभिजीत ने कहा, ''मैंने उसकी नब्ज देखी। मुझे पता लग गया कि उसे दिल का दौरा पड़ा है। तुरंत सीपीआर शुरू किया और चालक दल को सूचित किया।

## मुवक्किलों को दी गई कानूनी सलाह पर वकीलों को समन नहीं भेज सकतीं जांच एजेंसियां: सुप्रीम कोर्ट



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने एक ऐतिहासिक फैसले में यह स्पष्ट कर दिया है कि कोई भी जांच एजेंसी "किसी मामले में पेश हो रहे वकील को मामले का विवरण जानने के लिए सीधे तौर पर समन जारी नहीं कर सकती है।" चीफ जस्टिस बी. आर. गवई, जस्टिस के. विनोद चंद्रन और जस्टिस एन. वी. अंजारिया की की पीठ ने इस कानूनी सवाल का जवाब "स्पष्ट 'नहीं'" में दिया।

अदालत ने इस मुद्दे पर नए दिशानिर्देश तैयार करने से इनकार करते हुए, एक महत्वपूर्ण प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपाय स्थापित किया। इसके तहत, यदि वकील-मुवक्किल विशेषाधिकार के अपवादों का हवाला देते हुए किसी वकील को समन जारी किया भी जाता है, तो उसके लिए एक वरिष्ठ अधिकारी, जो पुलिस अधीक्षक (Superintendent of Police) के पद से नीचे का न हो, की पूर्व लिखित स्वीकृति अनिवार्य होगी, जिसमें समन का कारण दर्ज होना चाहिए। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि कंपनियों में पूर्णकालिक वेतनभोगी कर्मचारी के तौर पर काम करने वाले "इन-हाउस वकील" भारतीय साक्ष्य अधिनियम (BSA), 2023 की धारा 132 के तहत वकील-मुवक्किल विशेषाधिकार के हकदार नहीं होंगे। यह पूरा मामला गुजरात के एक वकील द्वारा दायर विशेष अनुमति याचिका से शुरू हुआ। अहमदाबाद के ओधव पुलिस स्टेशन में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, गुजरात मनी-लेंडर्स एक्ट और एससी/एसटी एक्ट के प्रावधानों के तहत एक एफआईआर दर्ज की गई थी। संबंधित वकील ने आरोपी के लिए नियमित जमानत याचिका दायर की, जिसे सेशंस जज ने मंजूर कर लिया।

# 'अनुच्छेद-370 हटाकर पीएम मोदी ने सरदार पटेल का अधूरा काम पूरा किया', अमित शाह ने कांग्रेस पर साधा निशाना

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ही जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद-370 हटाकर सरदार वल्लभभाई पटेल के एकीकृत भारत के सपने को साकार किया। देश के पहले गृह मंत्री सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर यहां मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में 'रन फॉर यूनिटी' को हरी झंडी दिखाते हुए शाह ने कहा कि आजादी के बाद अंग्रेजों ने देश को 562 रियासतों में विभाजित करके छोड़ने का फैसला किया। उस समय दुनिया को लग रहा था कि इन 562 रियासतों को एक राष्ट्र में एकीकृत करना असंभव होगा। लेकिन सरदार पटेल ने बहुत कम समय में यह महान कार्य पूरा किया। आगे शाह ने कहा कि आज हम जिस आधुनिक भारत का मानचित्र देखते हैं, वह उनकी दूरदर्शिता और प्रयासों का परिणाम है।



### सरदार पटेल एक किसान नेता थे

सरदार पटेल एक किसान नेता थे और प्रतिमा के निर्माण में इस्तेमाल लगभग 25,000 टन लोहा किसानों के औजारों को पिघलाकर बनाया गया था। उन्होंने बताया कि लगभग 25,000 टन लोहे, 90,000 घन मीटर कंक्रीट और 1,700 टन कांसे से बनी इस विशाल प्रतिमा को अब तक लगभग 2.5 करोड़ लोग देख चुके हैं। शाह ने कहा कि सरदार पटेल ने बैरिस्टर की प्रैक्टिस छोड़कर महात्मा गांधी के आह्वान को स्वीकार कर आजादी के आंदोलन में हिस्सा लिया। सरदार पटेल का नेतृत्व कौशल 1928 के बारदोली सत्याग्रह के दौरान सामने आया था, जो किसानों के साथ हो रहे अन्याय के विरुद्ध शुरू किया गया था।

### पीएम मोदी ने सरदार पटेल के काम को पूरा किया

उन्होंने कहा कि अनुच्छेद-370 के कारण कश्मीर का भारत में पूर्ण एकीकरण ही एकमात्र अधूरा कार्य रह गया था, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने उस अधूरे कार्य को पूरा किया। आज हमारे सामने सही मायने में अखंड भारत है। अमित शाह ने कहा कि आजादी के दिन सभी लोग तिरंगा फहराने में व्यस्त थे और उस वक्त सरदार साहब नौसेना युद्धपोत को मॉनिटर कर रहे थे। उस वक्त लक्षद्वीप किसके पास जाएगा, यह बहुत बड़ा मसला था और सही समय पर नौसेना को लक्षद्वीप भेजकर उसे भारत का हिस्सा बनाकर सरदार पटेल ने बहुत बड़ा योगदान दिया।

### कांग्रेस ने नहीं दिया यथोचित सम्मान

शाह ने कहा कि कांग्रेस सरकारों ने सरदार पटेल को वह सम्मान नहीं दिया जिसके वह वास्तव में हकदार थे। उनके जैसे महान व्यक्तित्व को 41 वर्षों की देरी के बाद भारत रत्न से सम्मानित किया गया। देश में कहीं भी उनका कोई स्मारक नहीं बनाया गया। जब नरेन्द्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री बने, तभी उन्होंने स्टैच्यू ऑफ यूनिटी की परिकल्पना की और सरदार पटेल के सम्मान में एक भव्य स्मारक बनवाया। सरदार पटेल के नेतृत्व में किसानों ने अपना आंदोलन शुरू किया था। एक छोटे से कस्बे से शुरू हुआ यह आंदोलन जल्द ही एक राष्ट्रव्यापी किसान आंदोलन में बदल गया।

CM भजनलाल ने निकाला मार्च

## 'रन फॉर यूनिटी' में दिखी राष्ट्रीय एकता, जयपुर के सभी 70 पुलिस थाना क्षेत्रों में हुई दौड़



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर राजस्थान के तमाम जिलों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। लौह पुरुष पटेल को एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन राष्ट्रीय एकता का संदेश देने वाले कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। जयपुर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में यूनिटी मार्च निकाला गया। सीएम भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में महात्मा गांधी सर्किल से अमर जवान ज्योति तक यूनिटी मार्च निकाला गया। इस मार्च में डिप्टी सीएम दिया कुमारी, मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ सहित कई विधायक, सांसद और अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ स्कूली छात्र छात्राओं ने भी हिस्सा लिया।

गांधी सर्किल पर आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल भारत की एकता और अखंडता का प्रतीक हैं। आजादी के समय जब देश सैकड़ों रियासतों में बंटा हुआ था, तब सरदार पटेल ने अदम्य साहस और कुशल कूटनीति से पूरे भारत को एक सूत्र में पिरोया था। सरदार पटेल ने ही सशक्त भारत की नींव रखी थी, अब इस देश को विकसित बनाने की जिम्मेदारी देश के युवाओं पर है। सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं के सशक्तिकरण के लिए लगातार काम कर रही है। प्रदेश के युवा पहले पेपर लीक की घटनाओं से युवा निराश थे लेकिन पिछले दो वर्षों में एक भी पेपर लीक नहीं हुआ।

## डोनेट्स्क में आगे बढ़ने के लिए पुतिन ने उतारी 1.70 लाख की फौज

बढ़ता राजस्थान

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** रूस-यूक्रेन युद्ध फिर से तेजी के साथ आगे बढ़ रहा है। इसी के साथ रूस का यूक्रेन पर दबाव बढ़ता जा रहा है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने शुक्रवार (31 अक्तूबर) को कहा कि रूस ने यूक्रेन के पूर्वी डोनेट्स्क क्षेत्र में लगभग 1,70,000 सैनिक तैनात किए हैं, जहां वे युद्धक्षेत्र में जीत हासिल करने के लिए एक बड़े प्रयास के तहत पोक्रोवस्क के गढ़ पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। दरअसल, पूर्वी डोनेट्स्क पूर्वी यूक्रेन का एक औद्योगिक क्षेत्र है, जो मुख्य रूप से कोयला खनन और भारी उद्योगों के लिए जाना जाता है। जेलेंस्की ने कहा कि पोक्रोवस्क में स्थिति कठिन है। साथ ही उन्होंने रूस के हालिया दावों को भी खारिज कर दिया कि एक साल से ज्यादा की लड़ाई के बाद तबाह हुए शहर को घेर लिया गया है। उन्होंने स्वीकार किया कि कुछ रूसी टुकड़ियां शहर में घुसपैठ कर चुकी हैं।

## आरएसएस पर पाबंदी लगनी चाहिए... सरदार पटेल के लेटर का जिक्र कर खरगे ने क्यों कहा ऐसा



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर फिर से प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए क्योंकि देश में कानून व्यवस्था से जुड़ी ज्यादातर गड़बड़ियों के लिए यही संगठन जिम्मेदार है। उन्होंने समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव के एक बयान से जुड़े सवाल का जवाब देते हुए कहा कि मेरा व्यक्तिगत विचार है कि आरएसएस पर प्रतिबंध लगाना चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष ने यह दावा भी किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी झूठ को सच में बदलने में माहिर हैं।

खरगे ने सरदार पटेल के 1948 में जारी लेटर का जिक्र करते हुए संघ पर निशाना साधा। उन्होंने दो टूक कहा, 'ये मेरे निजी विचार हैं और मैं खुले तौर पर कहता हूं कि आरएसएस पर प्रतिबंध लगना चाहिए। अगर प्रधानमंत्री वल्लभभाई पटेल के विचारों का सम्मान करते हैं, तो ऐसा किया जाना चाहिए। देश में सभी गलतियां और यहां कानून-व्यवस्था की सभी समस्याएं भाजपा और आरएसएस की देन हैं।'

## एक करोड़ से ज्यादा छात्रों के लिए खुशखबरी, नीतीश सरकार ने सेट कर दिया चुनाव के बाद का प्लान

बढ़ता राजस्थान

**पटना (एजेंसी)।** राज्य में युवाओं को रोजगार से जोड़ने की प्राथमिकता देते हुए सरकार द्वारा कौशल विकास को प्राथमिकता दी जा रही है। इस लिहाज से सरकार ने विधानसभा चुनाव के बाद एक करोड़ से ज्यादा छात्रों को तकनीकी रूप से दक्ष बनाने की योजना शुरू करने का फैसला किया है।

छात्रों को यह प्रशिक्षण निःशुल्क दिया जाएगा। इसमें स्कूल से लेकर



उच्च शिक्षा की पढ़ाई कर रहे छात्र-छात्राओं के साथ स्नातक कर चुके युवा शामिल हो सकेंगे। इन सभी को ड्रोन, रोबोट, आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) और डेटा साइंस तकनीक सहित उभरती हुई ऐसी सभी तकनीक में प्रशिक्षित किया जाएगा, जिसकी वैश्विक स्तर पर मार्केट में भारी मांग है। सरकार के रणनीतिकारों का मानना है कि इससे राल्य में बड़ी संख्या में प्रशिक्षित व दक्ष युवाओं का मानव संसाधन तैयार होगा, जो राज्य में औद्योगिक क्षेत्र में तकनीकी दक्षता वाले युवाओं की मांग को पूरा करने में मददगार साबित होगा।


## बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**

- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**

- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com


# भारत की वैदिक विरासत और पहचान को... आर्य समाज की तारीफ में और क्या-क्या बोले पीएम मोदी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की वैदिक विरासत के संरक्षण में समाज सुधारक दयानंद सरस्वती की ओर से स्थापित आर्य समाज के योगदान की शुक्रवार को सराहना की। साथ ही उससे पांडुलिपियों के अध्ययन और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने में बड़ी भूमिका निभाने का आग्रह किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने आर्य समाज की स्थापना की 150वीं वर्षगांठ पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन को संबोधित करते हुए स्वतंत्रता संग्राम में संगठन की भूमिका की सराहना की और यह माना कि राजनीतिक कारणों से इसे उचित मान्यता नहीं मिल पाई।



मोदी ने समारोह में कहा, 'आर्य समाज की स्थापना के 150 वर्ष... यह अवसर समाज के किसी एक हिस्से या संप्रदाय से जुड़ा नहीं है। यह अवसर भारत की वैदिक विरासत और पहचान से जुड़ा है।' इस अवसर पर महाराष्ट्र के राज्यपाल आचार्य देवव्रत और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सहित अन्य लोग भी मौजूद थे। दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती और आर्य समाज की स्थापना के 150 वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित चार दिवसीय कार्यक्रम में 39 देशों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

मोदी ने कहा, 'यह अवसर भारत के उस विचार से जुड़ा है, जिसमें गंगा के प्रवाह की तरह आत्म-शुद्धि की शक्ति निहित है। यह उस महान परंपरा से जुड़ा है, जिसने सामाजिक सुधार को निरंतर आगे बढ़ाया है और जिसने स्वतंत्रता संग्राम के असंख्य सेनानियों को वैचारिक ऊर्जा दी है।' मोदी ने कहा कि लाला लाजपत राय, राम प्रसाद बिस्मिल और कई अन्य क्रांतिकारियों ने आर्य समाज से प्रेरणा ली और इसके लिए अपना सब कुछ समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा, 'दुर्भाग्यवश, राजनीतिक कारणों से, स्वतंत्रता संग्राम में आर्य समाज की भूमिका को वह सम्मान नहीं मिला जिसका वह हकदार था।'

### 'दृढ़ राष्ट्रवादियों का संगठन'

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आर्य समाज एक ऐसा संगठन रहा है जो निडरता से भारतीयता की बात करता है, दृढ़ राष्ट्रवादियों का संगठन है और जिसने हमेशा भारत-विरोधी विचारधाराओं और सांस्कृतिक प्रदूषण के कुत्सित प्रयासों को चुनौती दी है। मोदी ने आर्य समाज के सदस्यों से युवाओं को पांडुलिपियों का अध्ययन करने और मोटे अनाजों की प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित करने का आग्रह किया।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खंडवा, निवाई, टोंक (राज.) से मुद्रित एवं बढ़ता राजकीय महाविद्यालय के पास एनएच-12 बाईपास निवाई, टोंक (राजस्थान) प्रकाशित, संपादक तनुजा पठान*। प्रधान संपादक राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888, जयपुरः फोन 0141-2796794, 95, टोंक कार्यालयः बाईपास, निवाई, टोक (मो. 9414823448), अलवर कार्यालयः मेहताब सिंह का नोहरा, अलवर (मो. 7877309346), कोटा कार्यालयः छावनी मेन रोड, कोटा (मो. 7023350734), ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com; "पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार